**दिल्ली**
अधिकतम तापमान 32 डिग्री
न्यूनतम तापमान 25 डिग्री
**एनसीआर**
अधिकतम तापमान 31 डिग्री
न्यूनतम तापमान 24 डिग्री

शनिवार 04 अक्टूबर 2025
सूर्योदय प्रातः 06:16 बजे
सूर्यास्त सायं 18:04 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 लड़कियों के लिए शादी नहीं शिक्षा जरूरी है

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक: 350 | गाजियाबाद, शनिवार 04 अक्टूबर 2025 | मूल्य: ₹ 2 | पेज: 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala
9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा व अन्य रसोई मसाले



# चेतावनी: अब उकसाया तो नक्शे से मिट जाएगा पाक

✱ वेबवार्ता. जयपुर ✱

जनरल द्विवेदी ने पाकिश्तान को चेतावनी देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर 1.0' का संदर्भ दिया, जिसमें 26 नागरिकों की मौत के बदले में पीओके में 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

उन्होंने साफ किया कि भारत भविष्य में किसी भी आतंकी उकसावे पर बिना संयम के कठोर प्रहार करेगा, जो पाकिश्तान को उसके इतिहास और भूगोल में स्थान पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर देगा।

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को पाकिश्तान को सीधे और कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने पड़ोसी देश को स्पष्ट किया है कि उसे राज्य-प्रायोजित आतंकवाद को तुरंत रोकना होगा, अन्यथा उसका ऐतिहासिक और भौगोलिक अशितत्व खतरे में पड़ जाएगा।

राजस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान सेना प्रमुख ने कहा, 'अगर पाकिश्तान विश्व इतिहास और भूगोल में अपना स्थान बनाए रखना चाहता है, तो उसे राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोकना होगा।'

जनरल द्विवेदी ने भविष्य में किसी भी उकसावे पर भारत की कार्रवाई की रणनीति को और भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, 'हम इस बार ऑपरेशन सिंदूर 1.0 की तरह कोई संयम नहीं दिखाएंगे और अगर दोबारा उकसाया गया तो एक कदम और आगे बढ़ेंगे।'



उन्होंने आगे चेतावनी दी, 'यह संभव है कि हम उस पर इतना कड़ा प्रहार करेंगे कि पाकिस्तान इस बात पर पुनर्विचार करने पर मजबूर हो जाएगा कि उसे इतिहास और भूगोल में अपना स्थान चाहिए या नहीं।'

क्या था 'ऑपरेशन सिंदूर 1.0'?

जनरल द्विवेदी का यह बयान मई में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर 1.0' के संदर्भ में आया है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले (जिसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी) के जवाब में किया गया था।

7 मई को, भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीक हमले किए, नौ आतंकी लॉन्चपैड नष्ट किए और पीओके और पाकिस्तान की मुख्य भूमि के अंदरूनी इलाकों में 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था। भारत की इस सैन्य प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था।

ऑपरेशन सिंदूर की समाप्ति 10 मई को हुई, जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (DGMO) ने अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात कर युद्धविराम का आग्रह किया, जिस पर भारतीय पक्ष सहमत हो गया था। सैनिकों को तैयार रहने का निर्देश

अपने भाषण के अंत में, जनरल द्विवेदी ने भारतीय सैनिकों को तैयार और स्टैंडबाय पर रहने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने संकेत दिया, 'कृपया पूरी तरह तैयार रहें। ईश्वर की इच्छा से, आपको बहुत जल्द एक और मौका मिलेगा। शुभकामनाएं। जय हिंद।'

## समाज के भीतर सेवा, दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति: बिरला

✱ वेबवार्ता. जयपुर ✱

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है।

श्री बिरला ने यहां शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह में कहा कि सेन समाज ने हमेशा सेवा, श्रम और समर्पण को सर्वोच्च धर्म मानते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है।

यह समाज शिक्षा, कौशल और संस्कारों के माध्यम से आज भी नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी संस्कृति और सामूहिक मूल्यों का सम्मान है। समाज के भीतर सेवा और दान की परंपरा उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और यही भविष्य को नई दिशा देती है।

उन्होंने कहा कि सेनजी महाराज ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि श्रम ही सर्वोच्च पूजा है और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वहीं, नारायणी माता आस्था और विश्वास की आधारशिला हैं, जिनके आशीर्वाद से समाज ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को सदियों से जीवित रखा है। यही कारण है कि यह समाज हर दौर में चुनौतियों का सामना करते हुए राष्ट्र की सेवा में आगे रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नाई महासभा की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि संगठन पूरे देश में रक्तदान शिविर, चिकित्सा सेवाएं, नशा मुक्ति अभियान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। छात्रवृत्ति, कोचिंग और करियर मार्गदर्शन जैसी योजनाएँ युवाओं को नई राह दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जब प्रतिभाएं मंच पर सम्मानित होती हैं तो उनमें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जागता है।

# मोदी शनिवार को करेंगे 62,000 करोड़ रुपये की युवा-केंद्रित पहलों का लोकार्पण



✱ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✱

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी दिल्ली में शनिवार को 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की युवा विकास पहलों का लोकार्पण करेंगे, जिससे देश भर में युवाओं को शिक्षा, कौशल और उद्यमिता की दिशा में बढ़ावा मिल सकेगा।

इन युवा विकास पहलों के केंद्र में बिहार में युवा कौशल और शिक्षा को रखा गया है, जिसके अंतर्गत बिहार के पांच लाख स्नातकों को दो साल तक मासिक भत्ता, बिहार के छात्रों के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन, बिहार के चार विश्वविद्यालयों में नयी शैक्षणिक और अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला रखने के साथ ही बिहटा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पटना के नये परिसर के साथ ही कई अन्य योजनाओं की प्रधानमंत्री सौगात देंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय से शुक्रवार को जारी सूचना के अनुसार यह कार्यक्रम राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में चौथा राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह के साथ विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 46 अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ युवा को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर श्री मोदी 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र की पीएम-सेतु (अपग्रेडेड आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में देश भर में 1,000 सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गयी है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं।

प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा, जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेडों, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन सुविधाओं से युक्त समूह तैयार किये जायेंगे। परियोजना कार्यान्वयन के प्रथम चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

## दिसंबर में चार साल बाद पुतिन भारत आयेंगे

✱ वेबवार्ता. मास्को ✱। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आयेंगे। श्री पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। उन्होंने कहा, "वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नये साल से पहले होगा।" श्री पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसंबर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति 2021 में 21 वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता के लिए भारत आये थे।

## वैष्णव ने हिरोमासा के साथ सूरत में हाई-स्पीड रेल परियोजना की कार्य प्रगति की समीक्षा की

✱ वेबवार्ता. सूरत ✱। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को जापान के भूमि, आधारभूत संरचना, परिवहन एवं पर्यटन मंत्री हिरोमासा नाकानो के साथ गुजरात के सूरत में हाई-स्पीड रेल परियोजना की कार्य प्रगति की समीक्षा की। रेल मंत्रालय की ओर से जारी सूचना के मुताबिक सूरत हवाईअड्डे पहुंचने पर श्री हिरोमासा का पारंपरिक गरबा से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद श्री हिरोमासा श्री वैष्णव के साथ सूरत हाई-स्पीड रेल (एचएसआर) निर्माण स्थल पहुंचे। यहां दोनों मंत्रियों ने परियोजना ट्रैक स्लैब लेयिंग कार और ट्रैक स्लैब एडजस्टमेंट फैसिलिटी जैसे बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने काम की गुणवत्ता और गति पर संतोष व्यक्त किया और निर्माण की रफ्तार की सराहना की। जापानी मंत्री का यह दौरा भारत और जापान के बीच भारत की पहली हाई-स्पीड रेल परियोजना (बुलेट ट्रेन) को आगे बढ़ाने में मजबूत सहयोग को दर्शाता है।

## राहुल प्रियंका के बाद दिग्गज नेताओं को कांग्रेस बिहार में प्रचार करने भेजेगी

✱ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✱। बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के पहले ही प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के नेताओं का बिहार का दौरा शुरू हो गया हैं। भारतीय जनता पार्टी जहां कांग्रेस और आरजेडी पर हमलावर है। जबकि दूसरी ओर विपक्षी दल भी जेडीयू और भाजपा पर निशाना साध रहे है। इस बीच महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले कांग्रेस पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की एंट्री से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के बाद अब रणनीति के अगले चरण पर कांग्रेस पार्टी ने काम करना शुरू कर दिया है। चुनावी प्रचार अभियान के तहत कांग्रेस आलाकमान ने तय किया है कि प्रदेश के हर जिले में बड़े नेताओं की सभाएं आयोजित होंगी। इसका खाका लगभग तैयार है।

## त्योहारों को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा कड़ी, बाजारों और मेट्रो स्टेशनों पर विशेष निगरानी

✱ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✱। राजधानी दिल्ली में त्योहारों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी 15 जिलों के उपायुक्तों ने अपने-अपने अधिकारियों और बाजार समितियों के साथ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठकें की हैं। बैठकों में भीड़ प्रबंधन, प्रमुख बाजारों की निगरानी और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

## सीएम युवा कॉन्क्लेव ने लिखी नई इबारत, 12 हजार से अधिक बिजनेस इंक्वायरी और 9,200 पंजीकरण



✱ एनसीआर टुडे. लखनऊ ✱

उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी सीएम युवा मिशन के तहत आयोजित सीएम युवा कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 का सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा। पांच दिवसीय आयोजन ने न केवल युवाओं को नए-नए बिजनेस मॉडल्स से रूबरू कराया, बल्कि उद्यमशीलता और स्वरोजगार की दिशा में नए अवसर भी खोले।

इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान कुल 12,025 बिजनेस इंक्वायरी, 9,200 पंजीकरण, 377 बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मीटिंग्स और 90 बिजनेस प्रजेंटेशंस दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना सीएम युवा तेजी से युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस कॉन्क्लेव और एक्सपो ने साबित कर दिया कि प्रदेश के युवा स्टार्टअप, उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस आयोजन के बाद बड़ी संख्या में युवा इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम युवा के नोडल और ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि पांच दिन के कॉन्क्लेव में कई प्रसिद्ध फ्रेंचाइज ब्रांड्स, मशीनरी सप्लायर्स और बिजनेस-ऑन-व्हील्स वेंचर्स ने भाग लिया। इनमें डॉक्टर मोरिंगा, एमबीए मखानेवाला, हनीमैन, चीजी क्रेजी कैफे और ओसियन एंटरप्राइज जैसे ब्रांड्स ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। इन प्रस्तुतियों ने युवाओं को नवाचार और टिकाऊ बिजनेस मॉडल की दिशा में प्रेरित किया।

सबसे अधिक व्यवसायिक पूछताछ प्राप्त करने वाले ब्रांड्स में ओसियन एंटरप्राइज (700+), यूपीसीएस स्टोर (650+), एमबीए मखानवाला (550+), प्रॉस्पर ग्रुप (500+), और आईक्यूटिएम (450+) शामिल रहे। सीएम युवा मिशन को यूपीआईटीएस 2025 की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किए गए। यह सम्मान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन) नंद गोपाल नंदी, मंत्री (एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, रेशम एवं वस्त्र) राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार और मिशन डायरेक्टर-सीएम युवा के. विजयेन्द्र पांडियन की मौजूदगी में प्रदान किया।

कॉन्क्लेव में मेरठ, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ मंडलों से 3,700 से अधिक युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। बड़ी संख्या में छात्र और नवोद्यमी सीएम युवा पवेलियन में पहुंचे और विभिन्न बिजनेस मॉडल्स को समझने के साथ-साथ अपने सवालों के समाधान भी पाए।

## मुरादाबाद: अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

✱ एनसीआर टुडे. मुरादाबाद ✱

यूपी के मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, भारी मात्रा में बने और अधबने तमंचों के साथ हथियार बनाने का सामान भी बरामद किया गया है।

थाना पाकबड़ा पुलिस और सीओ हाइवे टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर इस फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के एक खंडहरनुमा मकान में अवैध हथियार बनाने का काम चल रहा है। इस पर टीम ने दबिश दी और मौके से 8 बने हुए तमंचे, 9 अधबने तमंचे और हथियार बनाने का उपकरण बरामद किया।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सरकार हुसैन और जेहरुल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने यह स्वीकार किया कि वे पिछले 4-5 महीनों से इस धंधे में लिप्त थे और आसपास के जिलों में तमंचों की सप्लाई करते थे।

पुलिस के अनुसार आरोपी 2 से 5 हजार रुपए में एक तमंचा बेचते थे। मुरादाबाद के एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई में एक अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान सरकार हुसैन और जेहरुल के रूप में हुई।

एसपी सिटी ने आगे बताया कि मुखबिरों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने 8 तैयार तमंचे, 9 अधबने तमंचे और हथियार बनाने के कई सामान बरामद किए। पूछताछ में कई अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों ने बताया कि वे पिछले 4-5 महीनों से तमंचे बना रहे थे और इन्हें आसपास के जिलों में 2 हजार से 5 हजार रुपए तक में बेचते थे।

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी, संसेक्स 224 अंक मजबूत



✱ वेबवार्ता. मुंबई ✱

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर बंद हुआ।

लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा।

पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियल्टी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा।

बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गये।

एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्तित बंद हुये।

## चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को प्रस्तुत किए अपने परिचय पत्र

✱ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✱

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में चार देशों के राजदूतों से परिचय पत्र स्वीकार किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले देशों में मॉरिटानिया, लक्जमबर्ग, कनाडा और स्लोवेनिया शामिल हैं।

मॉरिटानिया के राजदूत अहमदौ सिदी मोहम्मद, लक्जमबर्ग के ग्रैंड डची के राजदूत क्रिश्चियन बीवर, कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर और स्लोवेनिया के राजदूत टोमाज मेनसिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को परिचय पत्र प्रस्तुत किए। इसकी जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय ने दी।

राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में इस्लामिक गणराज्य मॉरिटानिया के राजदूत अहमदौ सिदी मोहम्मद, लक्जमबर्ग के ग्रैंड डची के राजदूत क्रिश्चियन बीवर, कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर और स्लोवेनिया गणराज्य के राजदूत टोमाज मेनसिन से परिचय पत्र प्राप्त किए।

बता दें कि एक दिन पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नई दिल्ली के लाल किला में दशहरा पर्व के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जब आतंकवाद रूपी दानव मानवता पर प्रहार करता है तब उसका दमन करना अनिवार्य हो जाता है। उन्होंने भारतीय सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद रूपी रावण पर मानवता की विजय का प्रतीक बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद में बाकी रह गए लोगों को सितंबर का राशन मिलेगा



**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद जिले में सितंबर का राशन लेने से वंचित रह गए लोगों के लिए राहत की खबर है। वे अब आठ अक्तूबर तक अपने डिपो से राशन ले सकेंगे। इसे लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। जिले में करीब साढे तीन लाख राशन कार्ड धारक हैं, जिन्हें हर महीने सरकारी डिपो के माध्यम से राशन वितरणकिया जाता है। सितंबर माह में राशन वितरण के दौरान अनेक कार्ड धारक राशन लेने से रह गए।इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की बढ़ती समस्या को देखते हुए विभाग ने सितंबर के आवंटित गेहूं, चीनी और फोर्टिफाईड सरसों तेल के वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर आठ अक्तूबर कर दी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अदित्या कौशिक ने कहा कि राशन वितरण की अवधि बढ़ाने का उद्देश्य जरूरतमंद परिवार सरकारी योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न से वंचित न रह जाए।

### मराठा आरक्षण पर अपनी ही सरकार के विरोध में पंकजा मुंजे

**बीड़ , एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे मराठा आरक्षण को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करवाती नजर आ रही हैं। गुरुवार को उन्होंने मराठों को सरकारी नौकरियों और एडमिशन के समय दिए जाने वाले आरक्षण का समर्थन किया। हालांकि उन्होंने कहा कि मराठों को यह आरक्षण ओबीसी जाति से छीनकर नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि इस समुदाय के लोग पहले से ही भूख से जूझ रहे हैं। बीड़ जिले के सावरगांव घाट में दशहरा के अवसर पर आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए पंकजा ने कहा कि लोगों को जातिवाद के राक्षस को नष्ट करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ÷गोपीनाथ मुंडे ने मराठा आरक्षण का समर्थन किया था और हम भी इसके पक्ष में हैं लेकिन इसे हमारी थाली से मत छीनिए। मेरा समुदाय आज भी भूख से जूझ रहा है। लोगों का संघर्ष देखने के बाद मेरी नींद उड़ गई है।÷ उन्होंने कहा, ÷मैंने कभी भी उन लोगों की जाति पर ध्यान नहीं दिया, जिनके लिए मैंने चुनाव प्रचार किया। मैंने इसे नजर अंदाज किया और हमेशा मानवता को महत्व दिया।जरांगे के मुंबई में 29 अगस्त से पांच दिन तक अनशन करने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने दो सितंबर को एक सरकारी आदेश जारी किया गया था। इसके तहत मराठा समुदाय के पात्र सदस्य कुनबी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे प्रमाण पत्र जारी होने के बाद उक्त सदस्य ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा कर पाएंगे। हालांकि, इसे लेकर ओबीसी समुदाय के सदस्यों में नाराजगी फैल गई है, जो मराठों को ओबीसी श्रेणी में शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं।

# सीएम स्टालिन के आवास से लेकर भाजपा कार्यालय तक

## बम से उड़ाने की धमकी; जांच में जुटी पुलिस

**चेन्नई , एजेंसी।**
तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में गुरुवार को एक के बाद एक बम धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अलवरपेट स्थित निजी आवास को निशाना बनाते हुए एक अज्ञात ईमेल से बम विस्फोट की धमकी भेजी गई, जिसके बाद पुलिस और बम-निरोधक दस्ते ने पूरे इलाके की तलाशी ली। इसी तरह, राज्य बीजेपी मुख्यालय (टी नगर) और दक्षिण भारतीय अभिनेत्री तृशा के तेयनम्पेट स्थित घर को भी धमकी मिली। धमकी में चेन्नई राज भवन को भी निशाना बनाया गया। पुलिस ने सभी स्थलों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब बीते एक महीने में मुख्यमंत्री स्टालिन को लगातार कई बार धमकी मिल चुकी है। 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह से पहले भी उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस मामले में एक व्यक्ति गणेश को गिरफ्तार किया गया था। जुलाई में भी चेन्नई पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल मिली थी, जिसमें फोन करने वाले विनोथकुमार ने दावा किया था कि सीएम आवास पर बम लगाया गया है। हालांकि, वह धमकी भी झूठी निकली। 2024 में भी स्टालिन को लेकर



बड़ा हड़कंप मचा था, जब उनके अमेरिका जाने वाले विमान पर बम की ईमेल धमकी आई थी। चेन्नई एयरपोर्ट पर कड़ी जांच के बाद उस मामले को भी फर्जी घोषित किया गया। अगस्त 2023 में एक युवक को सीएम आवास पर बम लगाने की झूठी धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद को जोड़ने के लिए बनेगा पुल

- 4 लेन सड़क भी बनेगी
- कंपनी को चयनित करने की प्रक्रिया जारी है



**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए अगले महीने काम शुरू हो जाएगा। गौतमुद्ध नगर की सीमा में मंझावली पुल तक 1.7 किलोमीटर की नई सड़क बनेगी। साथ ही, शहर के अंदर करीब पांच किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण कर चार लेन का बनाया जाएगा। इसके लिए कंपनी को चयनित करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारी ने बताया कि हरियाणा की सीमा में मंझावली गांव के सामने यमुना पर ग्रेटर नोएडा जाने के लिए पुल तैयार है, लेकिन ग्रेटर नोएडा के अट्टा गुजरान गांव से सड़क का निर्माण कार्य पूरा न होने के चलते यातायात नहीं हो पा रहा है। मंझावली पुल को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने के लिए कुल 4.99 किलोमीटर की सड़क बननी है। इसमें करीब 1.7 किलोमीटर नई सड़क बनेगी, जो मंझावली पुल से सीधी जुड़ेगी। शेष 3.29 किलोमीटर की सड़क पहले से ही बनी हुई है। पूरी सड़क को चार लेन बनाने के लिए चौड़ीकरण किया जाना है। पीडब्ल्यूडी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के लिए अगस्त में 65.50 करोड़ के बजट पास किया जा चुका है। वहीं, सड़क के लिए चार गांवों की कुल 6.888 हेक्टेयर जमीन ली गई है। पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अधिकारी कंचन का कहना है कि सड़क निर्माण का काम अगले महीने तक शुरू हो जाएगा, इसके लिए बजट और जमीन मिल चुकी है। अब कंपनी के चयन की प्रक्रिया जारी है। सड़क बनने से लोगों की राह आसान होगी। ग्रेटर नोएडा-नोएडा से फरीदाबाद को जोड़ने के लिए यमुना पर मंझावली में पुल के साथ सड़क बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया। अब केवल उद्घाटन का इंतजार है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सड़क बनने के बाद पुल को लोगों की आवाजाही के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

## हरियाणा में बच्चों को फंदे से लटका बाप ने की खुदकुशी

**बल्लभगढ़, , एजेंसी।** बल्लभगढ़ के गांव नेकपुर में गुरुवार देर रात एक पिता ने अपने तीन बच्चों संग फंदा लगा लिया। पिता और 12 साल की बेटी की मौत हो गई, जबकि बेटा और दूसरी बेटी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। पत्नी से अनबन और पुलिस की कार्रवाई को लेकर पिता ने यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक गांव नेकपुर के 30 वर्षीय कर्मवीर ने देर रात तीनों बच्चों संग आत्महत्या का प्रयास किया। इसमें पिता और 12 साल की बेटी की मौत हो गई। दो बच्चे गंभीर हालत में सर्वोदय अस्पताल में इलाजरत हैं। बताया जा रहा है कि कर्मवीर और उसकी पत्नी में लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। पत्नी मायके चली गई थी और छह दिन पहले ही लौटी थी। इसी दौरान मारपीट की घटना हुई और पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत के बाद पुलिस घर पहुंची थी। पुलिस की कार्रवाई और धमकी से कर्मवीर डर गया।

# असम पुलिस ने गायक और एक म्यूजिशियन को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी , एजेंसी।**
असम पुलिस ने गुरुवार को मशहूर गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले में संगीतकार शक्हरज्योति गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा महांता को गिरफ्तार किया। दोनों सिंगापुर में उस यॉट पार्टी में मौजूद थे जहां 19 सितंबर को गर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुछ सबूत हाथ लगे, जिसके बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। घटना के वीडियो फुटेज में गोस्वामी जुबिन के बेहद पास तैरते दिखाई दिए, जबकि अमृतप्रभा ने पूरी घटना को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया था। इससे पहले जुबिन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और नॉर्थईस्ट



इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महांता को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अब उन पर हत्या (धारा 103, भारतीय दंड संहिता) का आरोप भी जोड़ दिया है। दोनों को गुवाहाटी लाकर कोर्ट ने 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। सीआईडी के स्पेशल डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जांच जारी है और हत्या की धारा जोड़ने का निर्णय सबूतों के आधार पर लिया गया।

### दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

जुबिन गर्ग का पहला पोस्टमॉर्टम सिंगापुर में हुआ था। वहां की रिपोर्ट जल्द ही परिवार को सौंपी जाएगी। विसरा रिपोर्ट दिल्ली की सेंट्रल फॉरेंसिक लैब से आने के बाद ही सार्वजनिक होगी। सीआईडी की नौ सदस्यीय विशेष जांच टीम इस मामले की पड़ताल कर रही है। गुप्ता ने बताया कि टीम जल्द ही सिंगापुर जाएगी और इसके लिए भारत सरकार ने एमएलएटी के तहत औपचारिक अनुरोध भेजा है।

# कौन हैं आईपीएस योगेश गुप्ता, जिनके केस में केरल सरकार को लगा झटका

- 4 साल में 8 बार हो चुका है ट्रांसफर
- नेताओं की भी खोल दी थी फाइल

**तिरुअनंतपुरम , एजेंसी।**
केरल कैडर के 1993 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी योगेश गुप्ता का तबादला अक्सर सुर्खियों में रहता है। हाल ही में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (सीएटी) की कोच्चि पीठ ने केरल सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे आईपीएस अधिकारी योगेश गुप्ता की विजिलेंस रिपोर्ट पांच दिनों के भीतर केंद्र सरकार को भेजें। 1993 बैच के केरल कैडर के अधिकारी गुप्ता पिछले कुछ वर्षों से राज्य सरकार के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि उनका नाम केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिज़र्व (सीडीआर) पदों के लिए विचाराधीन हो सके। सीएटी ने कहा कि गृह मंत्रालय के बार-बार लिखे गए पत्रों का राज्य सरकार द्वारा जवाब न देना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। योगेश गुप्ता को पिछले चार सालों में आठ बार ट्रांसफर किया गया है। हाल ही में उन्हें फायर एंड रेस्क्यू सर्विस से हटाकर रोड सेफ्टी कमिश्नर बना दिया गया। वे पूर्व में सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) के निदेशक रहे, जहां उनकी कई कार्रवाइयां सरकार को असुविधाजनक लगीं।

**केंद्र ने मांगी थी रिपोर्ट, राज्य ने रोका:** अप्रैल 2024 में केंद्र सरकार ने योगेश गुप्ता को सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसे शीर्ष पदों पर विचार करने के लिए उनका प्रोफाइल और विजिलेंस रिपोर्ट मांगी थी। राज्य पुलिस प्रमुख ने मई में रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंप दी थी, लेकिन इसे गृह मंत्रालय को नहीं



भेजा गया। इसके बावजूद, राज्य सरकार ने हाल ही में पुलिस प्रमुख के पद के लिए यूपीएससी को योगेश गुप्ता का विजिलेंस क्लियरेंस भेजा था। योगेश गुप्ता पर आरोप है कि वीएसीबी प्रमुख रहते हुए उन्होंने कुछ शिकायतों पर जांच शुरू की और कुछ मामलों में सरकार से मंजूरी लिए बिना अफसरों पर कार्रवाई का आदेश दिया। योगेश गुप्ता ने सीएटी को बताया कि ये सभी जांचें अदालतों के आदेश पर शुरू की गई थीं। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. के एम अब्राहम के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया। उस दौरान वीएसीबी ने केस से जुड़े फाइलें साझा की थीं। इसके अलावा, योगेश गुप्ता ने नेता पी. पी. दिव्या के खिलाफ भी जांच शुरू करवाई थी, जिन्हें पिछले साल एक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की आत्महत्या मामले में घेरा गया था।

### केरल सरकार पर सवाल

राज्य सरकार ने सीएटी से कहा कि योगेश गुप्ता पर एक विजिलेंस जांच लंबित है। लेकिन न्यायाधिकरण ने कहा कि जांच लंबित होना रिपोर्ट न भेजने का कारण नहीं हो सकता है। आदेश में कहा गया, ÷रिकॉर्ड में ऐसा कोई तथ्य या वैध आधार नहीं है जिससे रिपोर्ट न भेजने को सही ठहराया जा सके।

## प्रेमी ने महिला का अश्लील वीडियो किया वायरल, पति से झगड़े के बाद आए करीब

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक शादीशुदा महिला का उसके दोस्त द्वारा अपने प्रेम जाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में रहने वाली महिला का उसके पति से झगड़ा हो गया था। इसके बाद महिला का एक पूर्व दोस्त हिमांशु उसके संपर्क में आ गया। आरोपी और महिला एक साथ रहने लगे। इस बीच प्रेमी ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाया। उसने महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाकर धोखे से उसका अश्लील वीडियो बना लिया। आरोपी दोस्त उस अश्लील वीडियो से महिला को ब्लैकमेल करने लगा। हाल ही जब महिला का अपने पति के साथ विवाद समाप्त हो गया और दोनों पति-पत्नी साथ रहने लगे। इस बात का हिमांशु ऐतराज करने लगा। आरोप है कि जब महिला ने विरोध जताया तो हिमांशु ने उसके पति और बेटी को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं, ग्रेटर नोएडा की की एक अन्य सोसाइटी में रहने वाली एक और महिला ने अपने दोस्त पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने अश्लील वीडियो उसके पति और ससुर के मोबाइल पर भेज दिया। महिला ने आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

# पसंदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर हुए सर्वे में तेजस्वी यादव शीर्ष पर

**पटना , एजेंसी।**
बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर पसंदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार को लेकर कराए गए सर्वे में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव लगातार शीर्ष पर बने हुए हैं। रिसर्च एजेंसी सी-वोटर के सितंबर महीने के सर्वे के नतीजों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की लोकप्रियता में भी इजाफा हुआ है। हालांकि, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के ग्राफ में गिरावट देखने को मिली हुई है।

चुनावी साल में सी वोटर फरवरी महीने से बिहार में पसंदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार का सर्वे करा रहा है। इसमें अलग-अलग लोगों से सीएम कैंडिडेट पर राय ली जाती है। फरवरी 2025 से लगातार तेजस्वी यादव इस सर्वे की रेटिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, उनकी



रेटिंग 40 फीसदी से गिरते-गिरते अगस्त में 31.3 प्रतिशत हो गई थी। मगर सितंबर में फिर से तेजस्वी की रेटिंग में उछाला आया और ताजा सर्वे में 35.5 प्रतिशत पहुंच गई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बात करें तो अगस्त महीने तक उनकी भी रेटिंग में धीरे-धीरे गिरावट आने लगी और 18 से 14 प्रतिशत तक पहुंच गई। अब सितंबर महीने में उनकी लोकप्रियता में थोड़ा इजाफा हुआ है। सी-वोटर के सर्वे में उनकी रेटिंग बढ़कर सितंबर में 16 प्रतिशत हो गई है।

जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर लोकप्रियता के मामले में लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। फरवरी में जहां उनकी रेटिंग 14.9 प्रतिशत थी। जून में वह बढ़कर 18.2 फीसदी हो गई और पीके ने सीएम नीतीश को सर्वे में पछाड़कर दूसरे नंबर पर कब्जा जमा दिया। इसके बाद भी वे लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। सितंबर महीने के नतीजों में उनकी रेटिंग 23.1 प्रतिशत हो गई है।

लोजपा-रामविलास के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री पसंदीदा सीएम कैंडिडेट के सर्वे में 9.5 प्रतिशत रेटिंग के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनकी रेटिंग में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। फरवरी में जहां वे 3.7 फीसदी लोगों के पसंदीदा उम्मीदवार थे, मई महीने में बढ़कर वे 10.6 तक पहुंच गए।

## बच्चों के सामने ही पिता की उंगलियां काटीं, कलाई पर चाकू चलाए; दरिंदगी से कत्ल

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र से बर्बरता की हैरान करने वाला मामला सामने आया है। खबर है कि मुंबई में एक शख्स को उसके बच्चों के ही सामने करीब आधा दर्जन लोगों ने मौत के घाट उतार दिया। उसके शरीर के अंग काट दिए गए और कलाई पर धारदार हथियार चलाए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। कहा जा रहा है कि व्यापार से जुड़ी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान सैयद इमरान शफीक के तौर पर हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुधवार को छत्रपति संभाजीनगर के रेलवे स्टेशन पर शफीक अपने दो बच्चों के साथ गया था। इनमें से एक की उम्र 3 साल और एक 13 साल का है। सिल्क मिल कॉलोनी इलाके में उनके ऑटो को एक कार ने रोक लिया। इसके बाद 5 से 6 लोग कार से बाहर आए और पीड़ित और उसके बच्चों को ऑटो से बाहर निकाल लिया। खबर है कि संदिग्धों ने शफीक को उसके बच्चों के सामने ही धारदार हथियार से मार डाला। बचाव के लिए उसने हथियार छीनने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा। हमलावरों ने उसकी उंगलियां अलग कर दीं और उसकी कलाई भी काट दीं। इसके अलावा सिर और गर्दन पर कई बार वार किए गए। हमलावरों ने शफीक को कई बार चाकू मारे और छोड़कर चले गए।

# स्कूल बैग धोने गई 3 तीन बच्चियों की डूबने से मौत

**शिमला , एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला में दशहरे के दिन एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। उपमंडल बंगाणा की बल्ह पंचायत में तीन मासूम बच्चियों की खड्ड में डूबने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके में मातम का माहौल पैदा कर दिया है। मृतकों में दो सगी बहने हैं। घटना गुरुवार शाम की है, जब पंचायत की तीन बच्चियां खुशी (पुत्री मनजीत), कोमल और सोनाक्षी (दोनों पुत्री अजय कुमार) पास की खड्ड में स्कूल बैग धोने गई थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान अचानक खुशी का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के प्रयास में बाकी दोनों सहेलियां भी पानी में उतर गईं, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वे भी बाहर नहीं निकल सकीं। देखते



ही देखते तीनों बच्चियां खड्ड की लहरों में समा गईं और उनकी मासूम जिंदगियां हमेशा के लिए खत्म हो गईं।

तीनों बच्चियां स्थानीय स्कूल में आठवीं और नौवीं कक्षा की होनहार छात्राएं थीं। देर शाम जब वे घर नहीं लौटीं, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान खड्ड के किनारे से एक चप्पल मिली। इसके बाद ग्रामीणों को शक हुआ कि बच्चियां पानी में डूब गई हैं। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर ग्रामीणों ने देखा कि दो बच्चियों के शव पानी में तैर रहे हैं। इस दृश्य को देखकर गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत तीनों को पानी से बाहर निकाला और उन्हें आदर्श अस्पताल थाना कलां पहुंचाया। मगर वहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की खबर फैलते ही बल्ह पंचायत सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। गांव का हर घर गमगीन है और पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। दशहरे के दिन जब लोग खुशी और उल्लास में डूबे थे, तब इस हादसे ने तीन परिवारों की दुनिया उजाड़ दी।

इस हादसे की पुष्टि ऊना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रशासन ने भी शोक संतप्त परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। तीन मासूम जिंदगियों का इस तरह असमय बुझ जाना पूरे इलाके के लिए गहरी चोट की तरह है। दशहरे की खुशियां मातम में बदल गईं।

## ओल्ड गुरुग्राम में नई पाइपलाइन से 80 इलाकों को होगा फायदा, सेक्टरों से कॉलोनियों तक मिलेगा पर्याप्त पानी

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
ओल्ड गुरुग्राम के सेक्टरों, कॉलोनियों समेत 80 इलाकों तक पर्याप्त पेयजल पहुंचाने की योजना गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की तरफ से तैयार की गई है। इसके तहत बसई के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर दिल्ली-जयपुर हाईवे पर शंकर चौक तक पानी की नई पाइपलाइन डाली जाएगी। इस पर करीब 99 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसकी डीपीआर को मंजूरी मिल गई है। अगले सप्ताह तक टेंडर जारी किया जाएगा।

जीएमडीए की गांव बसई में 100 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार करने की योजना है। इसके अलावा 200 एमएलडी क्षमता का स्टोरेज टैंक भी तैयार किया जाएगा। इसके ऊपर करीब 175 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। इसके तहत अगले सप्ताह तक टेंडर आमंत्रित कर दिए जाएंगे। इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के बनने से ओल्ड गुरुग्राम की करीब 80



कॉलोनी, सेक्टर और गांवों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की योजना जीएमडीए ने तैयार की है। पानी सप्लाई की इस योजना के मुताबिक, बसई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से नई वाटर सप्लाई की लाइन डाली जाएगी। यह लाइन द्वारका एक्सप्रेसवे पर जाएगी। गांव बजघेड़ा के पास पालम विहार रोड की तरफ मुड़ जाएगी। जीएमडीए के सर्वे के मुताबिक, इस पाइपलाइन के आसपास लगते क्षेत्रों में पानी सप्लाई की मांग 146 एमएलडी है।

## बढ़े हाउस टैक्स के विरोध में कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। गाजियाबाद के बढ़े हाउस टैक्स के विरोध में कांग्रेस भी आगे आ गई है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही हाउस टैक्स पूर्व दरों पर लागू करने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद में चार गुना तक हाउस टैक्स में वृद्धि कर जनता के साथ अन्याय किया जा रहा है। जबकि प्रदेश समेत महापौर और अधिक पार्षद सभी भाजपा के है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद से ही लोगों के सामने जीवनयापन करने का संकट है। हर कोई बढ़ी महंगाई से परेशान है। ऐसे में हाउस टैक्स में इतनी वृद्धि करके आम आदमी को परेशान किया जा रहा है। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय पर बैठक कर संगठन को मजबूत करने और अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान सुनील चौधरी, जयवीर सिंह, सुरेंद्र शर्मा, चौधरी वीरेंद्र सिंह, आशुतोष गुप्ता, आशीष शर्मा, नीरज प्रजापति, रफीक कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## चाट खाने गए युवक के साथ मारपीट, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी थाना क्षेत्र में लोनी तिराहा के रामलीला मैदान में ठेले पर चाट खाने गए युवक के साथ चाट विक्रेता ने गाली गलौज कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। परिजनों ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी है। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लोनी मेन बाजार वाल्मीकि मोहल्ला निवासी शिवा 29 सितंबर की देर शाम करीब 8 बजे जीम से आते समय रामलीला ग्राउंड में ठेली पर चाट खाने के लिए गया था। उनके भाई आयुष ने बताया कि इस दौरान चाट विक्रेता से कहासुनी हो गई। जिस पर गुस्साए चाट विक्रेता और उसके साथी ने डंडे व धारदार हथियार से भाई पर ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। लोगों ने मामले की सूचना युवक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल का पास के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद घायल की छुट्टी कर दी। सीओ लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़ित के भाई की शिकायत पर आरोपी अमित व उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷। थाना नगीना पुलिस द्वारा एक युवक अब्दुल कादिर को पुलिस ने किया गिरफ्तार ।युवती द्वारा थाना नगीना में तहरीर दी थी कि मोहम्मद आरीफ निवासी ग्राम अतरासी कलां रजबपुर जनपद अमरोहा द्वारा उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम कर उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली जिसमें अभियुक्त आरिफ के साथी कादिर ने उसका सहयोग किया इस संबंध में तहरीर के आधार पर नगीना में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अब्दुल कादिर मोहल्ला खुर्रम अली सलाम कस्बा थाना नगीना जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया और आग्रिम आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अरविंद कुमार थाना नगीनाकांस्टेबल प्रेमचंदअमित कुमार शामिल रहे।

## घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. दादरी ✷। जारचा कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पांच नामजद और बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रसूलपुर गांव के रहने वाले अनूप कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ति ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात उनके भाई के घर पर कुछ लोग बैठे थे। इसी बीच 20-25 आरोपी कई बाइक पर सवार होकर आए और घर में बैठे लोगों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडे से सभी को बुरी तरह पीटा। इनमें पांच लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अनूप की शिकायत पर पांच नामजद और बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ ने स्टेशन मास्टर से मिलकर रेलवे फाटक की समस्या को अवगत कराया

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

कालाखेड़ी फाटक संख्या 470 बी के अण्डर पास निर्माण कार्य को लेकर जो काफी समय से रुका हुआ है। आजाद समाज



पार्टी काशीराम के कार्यकर्ता इस विषय को लेकर रेलवे स्टेशन मास्टर से मिलकरसमस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कालोनी वासी व आस पास गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी को लेकर नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के आदेशअनुसार नगीना कालाखेड़ी फाटक पर पहुंचकर स्टेशन मास्टर नगीना से मिले। और स्टेशन मास्टर नगीना ने एयर असिस्टेंट डिवीजन जन इंजीनियर नजीबाबाद जेपी सिंह से बात कराई। जिन्होंने कल से ही अंडरपास का काम शुरू करने का आश्वासन दिया। इस पर आजाद समाज पार्टी काशीराम के काय कर्ताओं अगर अंडरपास का काम जल्द से जल्द क्यों नहीं किया गया तो भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी काशीराम राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर रोहित सागर सांसद प्रतिनिधि नगीना लोकसभा, आरिफ मलिक प्रदेश सचिव, विपिन गुल्थियान जिला उपाध्यक्ष,पृथ्वी सिंह जिला संगठन मंत्री भीम कुमार ब्लॉक अध्यक्ष बढ़ापुर आलम सिद्दीकी नगर अध्यक्ष नगीना, सभासद असलम सिद्दीकी एडवोकेट सुनील कुमार जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी, आशीष रवि अजय कुमार, अमित कुमार, अरविंद सिंह उपस्थित रहे।

## दारोगा पर दुष्कर्म और गर्भपात कराने का आरोप

# कोर्ट के आदेश पर FIR दर्ज

**जिला बदर होने के बाद भी घर के पास घूम रहा था, मौत के बाद जांच के दौरान खुलासा हुआ**

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



गाजियाबाद ज़िले से पुलिस विभाग को हिला देने वाला मामला सामने आया है। लोनी थाने में तैनात रहे दारोगा जय सिंह निगम पर एक महिला ने रेप, धोखाधड़ी और जबरन गर्भपात कराने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। अदालत के आदेश पर आरोपी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

**जांच के बहाने शुरू हुई पहचान**

पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2019 में थाना साहिबाबाद क्षेत्र में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान उसकी मुलाकात जय सिंह निगम से हुई थी। इसी दौरान आरोपी ने खुद को अविवाहित बताते हुए उससे नज़दीकियां बढ़ाईं और शादी का वादा किया।

महिला का कहना है कि आरोपी ने विश्वास हासिल करने के बाद शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद जब वह गर्भवती हुई, तो दवाइयां देकर उसका जबरन गर्भपात करा दिया गया।

**झूठे रिश्ते की आड़ में शोषण**

महिला ने बताया कि आरोपी दारोगा ने 1 जुलाई 2024 को आर्य समाज मंदिर में उससे शादी की और अगले दिन कोर्ट मैरिज का पंजीकरण भी कराया। लेकिन शादी के बावजूद आरोपी उसे अपने साथ नहीं ले गया। बाद में खुलासा हुआ कि जय सिंह निगम पहले से शादीशुदा हैं और उनके परिवार में पत्नी व बच्चे हैं। यह जानने के बाद जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकाने की कोशिश की।

**कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज करना पड़ा**

पीड़िता का आरोप है कि उसने कई बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, पर कार्रवाई की जगह उस पर और उसके परिवार पर दबाव डाला गया। यहां तक कि उसके भाई को भी झूठे केस में फंसवा दिया गया। अंततः महिला ने न्याय के लिए अदालत का दरवाज़ा खटखटाया, जिसके निर्देश के बाद एफआईआर दर्ज हो सकी।

**आरोपी पर कार्रवाई को लेकर बढ़ा दबाव**

फिलहाल आरोपी दारोगा की तैनाती बरेली में होने की बात सामने आ रही है। इस पूरे प्रकरण ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा दिए हैं कि क्यों एक पीड़िता को विभागीय जांच के बजाय अदालत का सहारा लेना पड़ा। महिला आयोग और स्थानीय सामाजिक संगठनों ने इस केस की निष्पक्ष जांच और आरोपी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

# मंदिरों और बंद मकान में चोरी करने वाले 7 दबोचे



✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने शुक्रवार को जांच के दौरान तीन चोर के अलावा चार नाबालिगों को पकड़ा है। आरोपी बंद मकानों, मंदिर और फैक्टरी में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से चुराए गए जेवरात बरामद हुए हैं। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस शुक्रवार को लोनी डिपो के पास दिल्ली सहारनपुर रोड पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को बंद मकान में चोरी करने वाले गिरोह के आने की सूचना मिली।

पुलिस ने घेराबंदी कर तीन चोरों और उनके साथ घूम रहे चार नाबालिग को धर दबोचा। पुलिस आरोपियों को थाने ले आई। सीओ अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि एक अक्टूबर को क्षेत्र में संचालित फैक्टरी के मालिक ने चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हिमांशु, गौरव और केशव निवासी करावल नगर बताए।

आरोपियों ने कुछ दिन पहले क्षेत्र के दो मंदिरों, एक मकान में चोरी और 29 सितंबर को विकास कुंज कॉलोनी से स्कूटी चुराने की बात स्वीकार की है।

सीओ ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक पेंडल, पांच छोटे पेंडल, आठ आभूषण, छह गुरिया, चार पाजेब, 6750 रुपये की नकदी और एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई है।

## मिशन शक्ति प्रोग्राम मे ग्राम झिलमिला मे महिला जन चौपाल लगाकर महिलाओ को जागरूक किया

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

जनपद बिजनौर मे मिशन शक्ति फेज 5.0 का प्रोग्राम के तहद ग्राम झिलमिला मे महिला जन चौपाल आयोजित की गयी। जिसमे लगभग 70 महिलाये व लड़किया शामिल रही। जिन्हे हेल्पलाइन नंबर

112 आपातकालीन नंबर
1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 वीमेन पावरलाइन
1098 चाइल्ड हेल्पलाइन
1930 साइबर हेल्पलाइन व अन्य लाभकारी योजनायो से अवगत कराया गया।

रायपुर सादात व जोगिरामपुरी चौराहा ,रावलहेड़ी थाना नगीना देहात पर एंटी रोमिओ टीम द्वारा 30 सन्धिग व्यक्तियों को चेक किया गया।

सभी को आवश्यक हिदायत मुनासिब किया गया। ग्राम ग्राम साहलीपुर जमन थाना नगीना देहात पर एंटी रोमियो टीम द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

जिसमे महिलाओ हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति 5.0 पमलेट वितरित किये गये।।

# जिलाबदर की हत्या में चौकी प्रभारी समेत दो निलंबित

**जिला बदर होने के बाद भी घर के पास घूम रहा था, मौत के बाद जांच के दौरान खुलासा हुआ**

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷




लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में जिलाबदर अपराधी विशाल की हत्या के बाद बीट पुलिस अधिकारी और चौकी प्रभारी की लापरवाही उजागर हुई। इसी के चलते एसपी देहात ने दोनों को निलंबित कर दिया।

इसके साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए। जांच के आधार पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर निवासी प्रेमचंद का 22 वर्षीय पुत्र विशाल एक अक्तूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से किसी कार्य से जा रहा था।

उसकी दूसरे मोहल्ले में रहने वाले चार से पांच युवकों से पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर युवकों के परिजन और अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद कई लोगों ने विशाल पर हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर पर ईंट से प्रहार कर विशाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर विशाल के परिजन पहंचे तो हमलावर मौके से भाग गए। परिजन विशाल को जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी के मुताबिक जांच में सामने आया कि मृतक विशाल जिलाबदर अपराधी था और एडिशनल सीपी की कोर्ट ने उसे छह माह के लिए कमिश्नरेट की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद विशाल अपने घर पर रहा और घटना में उसकी हत्या हो गई। डीसीपी ने बताया कि जिलाबदर अपराधी के घर पर रहने के मामले में चौकी प्रभारी और बीट पुलिस ऑफिसर की लापरवाही उजागर हुई। इसके चलते लोनी बॉर्डर चौकी प्रभारी योगेश कुमार और बीट पुलिस ऑफिसर हेड कांस्टेबल महेश कुमार को निलंबित कर दिया गया। साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए।

# नगीना में धूमधाम से मनाई गई विजयदशमी

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷



नगर व तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजय दशमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास व पूजा-पाठ के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के कान पर नोरते ( उगाए गए जौ के पौधे) रखकर उनकी लंबी आयु व चारों दिशाओं में विजय प्राप्त करने की कामना की।



बृहस्पतिवार को असत्य पर सत्य की जीत प्राप्त करने वाले विजयदशमी के त्योहार को नगर व तहसील क्षेत्र के ग्रामों में पूजा पाठ करते हुए बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दिन सभी घरों पर अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की गई तथा बहनों ने अपने भाइयों के कान पर नौरतन रखकर उनकी लंबी आयु के साथ-साथ चारों दिशाओं में विजय पताका फहराने की कामना की उसके पश्चात नगीना के रामलीला बाग स्थित लगने वाले दशहरा के मेले में आकर मां दुर्गा व मां काली के समक्ष प्रसाद चढ़ा कर आशीर्वाद लेते हुए विजयदशमी पर लगने वाले मेले का आनंद उठाया। जहां दूर दराज से ट्रैक्टर ट्रॉली व बैल गाड़ियों द्वारा आने वालों की भारी भीड़ सुबह से ही लगनी प्रारंभ हो गई।

रामलीला कमेटी द्वारा रावण वध का मंचन करते हुए शाम करीब 6:00 बजे रावण वध कर उसके पुतले में एसडीएम नितिन कुमार व सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से राम के तीर द्वारा आग लगाई गयी। तभी सभी दर्शकों ने श्री राम के जयकारे लगाये। इस अवसर पर साहू सलिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ आल्ले, हरिगोपाल अग्रवाल, साहू कपिल अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, प्रमोद चौहान, विशाल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, परितोष कौशिक, शीतांशु अग्रवाल, अरुण शर्मा, लवि मित्तल, सौरभ मित्तल सहित दर्जनों गणमान्य व भाजपाई लोग उपस्थित रहे। उसके बाद मेले में आए सभी दर्शकों ने अपनी आवश्यकता अनुसार खरीदारी भी की। मेले की भारी भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी अवनीत मान सहित पूरा पुलिस प्रशासन चाक-चौबंद रहा तथा मेले के कारण नगीना - धामपुर मार्ग को अवरुद्ध करते हुए दोनों ओर से रूट डायवर्ट कर किया गया। जिससे वाहनों को भारी असुविधा का सामना भी करना पड़ा।

## ग्रेट इंडियन एकेडमी में गांधी-शास्त्री जयंती पर विशेष कार्यक्रम और स्वच्छता रैली निकाली

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

ग्रेट इंडियन एकेडमी में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा और उप प्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी का प्रिय भजन "रघुपति राघव राजा राम" गाकर हुई। इसके बाद छात्रों ने भाषण और कविताओं के माध्यम से सत्य, अहिंसा और सादगी जैसे गांधी जी के विचार तथा शास्त्री जी के "जय जवान, जय किसान" नारे को प्रश्तुत किया। कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया।

सभा के बाद विद्यालय परिवार द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई, जो झालू रेलवे स्टेशन तक पहुँची। "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" और "गांधी जी के सपनों का भारत बनाएं" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

## जंक्शन पर कई ट्रेन घंटों की देरी से पहुंचीं

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

गाजियाबाद स्टेशन पर शुक्रवार को कई ट्रेन से पांच से 10 घंटे की देरी से पहुंचीं। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में परेशानी हुई। वही त्यौहार को लेकर आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर निगरानी तेज कर दी है।

गाजियाबाद स्टेशन पर शुक्रवार को यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा जब स्टेशन पर कई ट्रेन अपने निर्धारित समय से कई घंटे के विलंब से पहुंची। दो ट्रेन को कैंसिल कर दिया गया। सीतामढ़ी-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन करीब पांच घंटे की देरी से गाजियाबाद जंक्शन पहुंची। वहीं मानसी नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन लगभग 12 घंटे लेट रही। बिहार के जयनगर से नई दिल्ली आने वाली जयनगर-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन करीब ढाई घंटे के विलंब से पहुंची।

जालंधर अमृतसर एक्सप्रेस एक घंटे, हसनपुर नई दिल्ली एक घंटे, मऊ-आनंद विहार ट्रेन करीब दो घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची। वहीं शालीमार और दिल्ली-गोरखपुर स्पेशल कैंसिल रही।

ट्रेन के कई घंटे की देरी से आने से अपनी अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को गर्मी में प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ा।

वहीं कुछ यात्रियों ने इसके बाद अपने गंतव्य तक जाने के लिए अन्य साधनों का सहारा लिया जिन्हें आसपास के जिलों में जाना था। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी उन्हें हुई जो बिहार एवं पूर्वांचल की ओर जाने वाले थे।

# प्रॉपर्टी में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 86.40 लाख हड़पे

**रुपए मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी आरोपी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



कौशांबी थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबार में निवेश के नाम पर दंपति ने कारोबारी से 86. 40 लाख रुपये हड़प लिए। कारोबारी ने दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुग्राम के आदर्श नगर में रहने वाले सचिन जैन के अनुसार उनका परिचय वैशाली सेक्टर-4 में रहने वाले अमित जादवानी से था। अमित ने उन्हें दिल्ली में प्रॉपर्टी कारोबार में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का लालच दिया। इस पर उन्होंने अपने साथी कारोबारी के साथ मिलकर निवेश का मन बनाया।

साथी कारोबारी से 43 लाख रुपये लेकर सचिन जैन ने अमित को पांच अप्रैल 2024 को 86.40 लाख रुपये कैश दिए। सचिन जैन के अनुसार अमित ने अपनी पत्नी प्रिया को भी कारोबार में साझेदार बनाया और एग्रीमेंट भी तैयार किया।

इसके साथ अमित ने उन्हें तीन चेक भी दिए। काफी समय होने पर भी जब उन्हें किसी तरह का लाभ नहीं मिला तो उन्होंने सचिन से बात की। सचिन ने कहा कि अभी कोई प्रॉपर्टी नहीं मिली है, जल्द मिलेगी तो मुनाफा होगा। लंबा समय गुजरने पर भी उन्हें कोई लाभ नहीं मिला तो उन्होंने सचिन से रुपये वापस करने के लिए कहा। इस पर सचिन ने रुपये वापस करने से इनकार कर दिया और उन्हें फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी। सचिन के अनुसार इस दौरान उनके साथी कारोबारी ने अपने 43 लाख रुपये वापस मांग लिए।

उन्होंने किसी तरह साथी कारोबारी के रुपये वापस किए। इसके बाद उन्होंने सचिन से फिर से बात की, लेकिन सचिन ने रुपये लौटाने से साफ इनकार कर दिया। मामले में सचिन जैन ने कौशांबी थाने में अमित जादवानी और उसकी पत्नी प्रिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवाश्तव का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा

# वाहन चोरी और छिनैती में शामिल दो बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷



गाजियाबाद में कोतवाली नगर थाना टीम ने लूट, छिनैती और चोरी के कई मामलों में शामिल दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने इनके कब्जे से दो छीने गए मोबाइल, एक चोरी की मोटरसाइकिल, देसी तमंचा, एक कारतूस और 2100 रुपये बरामद किए हैं। घटना गुरुवार देर रात की है, जब कोतवाली नगर पुलिस आर्य फार्महाउस के पास नियमित चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया।

दोनों ने रुकने के बजाय बाइक को गौरंग कंपनी की ओर मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। इस दौरान बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल गई। पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें सहारनपुर निवासी शिवा उर्फ शिवम के पैर में गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया। दूसरे बदमाश, मुकेश को भी पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे एनसीआर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाली जगहों पर मोटरसाइकिल चोरी करते थे और फिर उसी बाइक से लोगों के मोबाइल, पर्स और अन्य सामान छीनकर फरार हो जाते थे। बरामद मोटरसाइकिल को उन्होंने कुछ दिन पहले रामलीला ग्राउंड के पास से चोरी किया था।

30 सितंबर 2025 को उन्होंने एमएमजी अस्पताल के सामने एक लड़के से और नंदग्राम में एक ऑटो सवार से मोबाइल छीने थे। वे नई वारदात की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि कोतवाली नगर पुलिस लगातार अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चेकिंग अभियान चला रही है। इस कार्रवाई में बरामद मोबाइल और मोटरसाइकिल को चोरी की घटनाओं से जोड़ा गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है और मामले की गहन जांच कर रही है।

# उद्योग व्यापार सगठन का मीना बाजार में हुआ विशाल कार्यक्रम



✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

नगर के मीना बाजार मार्केट में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का विशाल कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के आयोजक मीना बाजार के संरक्षक हाजी यासीन, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फैसल नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद जाकी द्वारा एक ऐतिहासिक सफल कार्यक्रम कराया।

जिसमें सैकड़ो की संख्या में मीना बाजार के सभी व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की सदस्यता ग्रहण की और जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ का ढोल नगाड़ों व फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मीना बाजार शाखा का गठन किया गया जिसमें मीना बाजार शाखा का अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान और शाखा महामंत्री शानू इनाया वाले को बनाया गया। शाखा युवा का अध्यक्ष शानू एवं शाखा युवा महामंत्री मोहम्मद ईशान को बनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी राहुल सिंह तथा प्रदेश संगठन मंत्री डॉ राजीव अरोड़ा, संजीव महेश्वरी एडवोकेट रहे।

इस अवसर पर तनवीर, राजू सिद्दीकी, फहीम खान, वासित खलीफा जरीफ रंगरेज मोहम्मद हसनैन राशिद रंगरेज शारिक अंसारी मोहम्मद अनस हिमायू नजीब मोहम्मद नासिर, शहजाद परदेसी, इरशाद अहमद, बिलाल एडवोकेट जुल्फिकार सरफराज नूर शारिक अंसारी लवी सैफी अदनान सैफी, सलीम अहमद, सलीम, रईस सिद्दीकी अयूब सिद्दीकी, शहाबुद्दीन, आतिफ अमीन मोनू टाटा, शेर खान, आसिफ नगर संगठन मंत्री मिर्जा इकबाल, धीरज झा, मुकीम कुरैशी, रईस कुरैशी, दानिश कुरेशी जावेद कुरेशी अतीक कुरैशी शोएब शमसी, असगर कुरैशी, डॉक्टर सुलेमान सहित सेकड़ो की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

नगर में उप निरीक्षक अवधेश कुमार शर्मा के नेतत्व में मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण के उप निरीक्षक पायल तोमर ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि निडर होकर महिलाएं अपनी परेशानी पुलिस को बताएं। पुलिस उनकी सुरक्षा में हर समय तैयार रहेगी। उन्होंने मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर बहुत ही प्रेरणादायी विचार रखे।

उन्होंने महिलाओं को साइबर क्राइम छेड़छाड़. महिला उत्पीड़न जैसी घटनाओ को लेकर सरकार द्वारा जारी महिला हेल्प नंबर को भी साझा किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अगर राश्ते में कोई भी युवक उन्हें परेशान करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबरों पर दे।

पुलिस ने महिलाओं व बच्चियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरो के बारे बताया जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाईल्ड हेल्प लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 108 स्वास्थ्य सेवा, 1930 साइबर हेल्प लाइन आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नजीबाबाद से सब इंस्पेक्टर अवधेश कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर पायल तोमर, हेड कांस्टेबल निर्वशी, प्रीती एवं महिला कास्टेबल अनिता कुमारी कास्टेबल रिंक आदि मौजूद रहे।

## पिज्जा डिलाइट का शेख शाहनवाज खलील ने किया उद्घाटन

**एनसीआर टुडे. नगीना।** अकबराबाद मार्ग पर खुले पिज़्ज़ा डिलाइट का विधिवत शुभारंभ चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पिज़्ज़ा डिलाइट के स्वामी नहटौर निवासी शाहनवाज अंसारी ने बताया कि उनके यहां सभी प्रकार के पिज़्ज़ा उपलब्ध है, जिसमें ग्राहकों की मांग पर होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर शहजाद आलम एडवोकेट, मुन्ने ठेकेदार, तंजील आलम, फारूक ठेकेदार, मुजीबुर रहमान, आसिफ अंसारी, केसर कुरैशी,आमिर शाबाहत आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# गांव में इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत और संभावनाएँ दोनों हैं

धूल भरे कच्चे रास्तों पर स्कूल की ओर पैदल जाते बच्चों के कदम अक्सर थकान से डगमगा जाते हैं। अंधेरे में लालटेन की कमजोर रोशनी में पढ़ाई करते किशोर अपनी आँखों में बेहतर भविष्य का सपना सजाते हैं। खेतों तक पानी पहुँचाने की जद्दोजहद में बुजुर्ग किसान सूरज ढलने तक मेहनत करते हैं और महिलाएँ घंटों दूर स्थित हैंडपंप से पानी भरकर लाती हैं। यह दृश्य राजस्थान के कई गाँवों में आज भी देखा जा सकता है।

बीकानेर जिले की लूणकरणसर तहसील का नाथवाना गांव इस हकीकत को करीब से दिखाता है। यहाँ के लोग रोजमर्रा की चुनौतियों के बीच बदलाव की उम्मीद भी संजोए हुए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर यानी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएँ ही उनके जीवन को संवारने की सबसे बड़ी उम्मीदें हैं।

राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियाँ हमेशा से कठिन रही हैं। थार मरुस्थल का बड़ा हिस्सा, कम बारिश और बिखरी हुई आबादी के कारण यहाँ लंबे समय तक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास पिछड़ता रहा। लेकिन पिछले दो दशकों में स्थिति बदलनी शुरू हुई है। राज्य सरकार की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार राजस्थान का कुल सड़क नेटवर्क अब तीन लाख एक हजार आठ सौ दस किलोमीटर से अधिक हो चुका है।

सड़क घनत्व भी बढ़कर अठासी किलोमीटर प्रति सौ वर्ग किलोमीटर हो गया है। ग्रामीण इलाकों में दो लाख छह हजार से अधिक किलोमीटर सड़कें बन चुकी हैं और लगभग उनतालीस हजार गाँव अब सड़कों से जुड़ चुके हैं। यह परिवर्तन न सिर्फ आंकड़ों में बल्कि गांव के जीवन में भी दिखाई देने लगा है।

पेयजल की स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार आया है। राज्य में पंद्रह हज़ार से अधिक गाँवों और बस्तियों तक शुद्ध पेयजल पहुँचाया गया है। ग्रामीण इलाकों में ट्यूबवेल और हैंडपंप लगाए गए हैं और पुराने स्रोतों की मरम्मत भी लगातार चल रही है। सिंचाई की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने हाल ही में सात सौ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है ताकि नहरों और वितरण प्रणालियों को उन्नत किया जा सके। नाबार्ड ने भी मरुस्थलीय और आदिवासी क्षेत्रों के लिए सैकड़ों नई ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति दी है और नौ अरब तीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि पेयजल योजनाओं पर खर्च की जा रही है। ये प्रयास दिखाते हैं कि राजस्थान का ग्रामीण ढांचा अब पहले जैसा जड़ नहीं है बल्कि लगातार बदल रहा है।

नाथवाना गांव में भी इस बदलाव की आहट महसूस की जा सकती है। पहले जहाँ बच्चे किलोमीटरों तक कच्चे रास्तों पर चलते थे, अब कई जगह पक्की सड़कें है जिनसे उनकी यात्रा आसान कर दी है। बिजली की आपूर्ति भी पहले से बेहतर हुई है और अधिकांश घरों में कनेक्शन पहुँच चुका है। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा गांव तक आ गई है जिससे बच्चों की पढ़ाई और युवाओं की जानकारी तक पहुँच आसान हुई है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्र की उपस्थिति भी एक सकारात्मक संकेत है।

लेकिन चुनौतियाँ अब भी कम नहीं हैं। मानसून के मौसम में निचले इलाकों में जलभराव हो जाता है और सड़कें टूट कर दुबारा से कठिनाइयों में धकेल देती हैं। बिजली की आपूर्ति अनियमित है और ट्रांसफार्मर खराब होने पर मरम्मत में हफ्तों लग जाते हैं। पेयजल की आपूर्ति स्थायी नहीं है और कई घर अब भी टैंकर या दूर स्थित हैंडपंपों पर निर्भर रहते हैं। सिंचाई की सुविधा सीमित है जिससे किसान वर्षा पर निर्भर रहते हैं और उत्पादन अस्थिर बना रहता है। स्वास्थ्य केंद्र मौजूद होने के बावजूद गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में ग्रामीणों को बीकानेर या लूणकरणसर कस्बे तक जाना पड़ता है।

ग्रामीणों का अनुभव बताता है कि छोटे-छोटे सुधार उनके जीवन को बेहतर बना रहे हैं, लेकिन अब उन्हें अगली पायदान पर ले जाने की जरूरत है। सड़कें केवल राशते भर नही होती बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जुड़ाव का आधार होती हैं। बिजली केवल घर को रोशन नहीं करती बल्कि पढ़ाई और छोटे व्यवसायों को संभव बनाती है। पानी केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं बल्कि खेती और स्वास्थ्य दोनों का आधार है। इसी तरह स्वास्थ्य केंद्र और डिजिटल कनेक्टिविटी भी केवल सेवाएँ नहीं हैं बल्कि जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उपकरण हैं।

नाथवाना जैसे गाँवों में आगे के लिए प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि सड़कें मजबूत और टिकाऊ बनाई जाएँ ताकि वे मानसून और रेगिश्तानी आंधियों का सामना कर सकें। बिजली की आपूर्ति स्थिर हो और सौर ऊर्जा के जरिए आत्मनिर्भरता लाई जाए। हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुँचे और उसकी गुणवत्ता की नियमित जांच हो। स्वास्थ्य केंद्र को दवाओं और उपकरणों से लैस किया जाए और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए। किसानों के लिए सिंचाई की आधुनिक तकनीक जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर आसानी से उपलब्ध हो और नहरों की समय पर मरम्मत हो। साथ ही डिजिटल कनेक्टिविटी को स्थायी और गुणवत्तापूर्ण बनाना जरूरी है ताकि शिक्षा और रोजगार के नए अवसर सामने आ सकें।

यदि ये सुधार समयबद्ध तरीके से पूरे होते हैं तो नाथवाना जैसे गांव पूरी तरह बदल सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई बिना रुकावट पूरी होगी, किसान उत्पादन बढ़ाकर सीधे बाजार तक पहुँच पाएंगे, महिलाएं सुरक्षित और सशक्त होंगी और युवाओं को रोजगार के अवसर गाँव में ही मिलेंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होने पर पलायन की मजबूरी भी कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास तेजी से होगा। राजस्थान की ग्रामीण जीवन शैली का आधार खेती है और आधे से अधिक लोग अब भी इसी पर निर्भर हैं। जब सड़क, पानी, बिजली और संचार जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी होंगी तो खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और जीवन की गुणवत्ता सुधरेगी। सरकार की नीतियां और योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब उनका असर गाँव की गली-गली तक पहुँचे। नाथवाना की कहानी बताती है कि इंफ्रास्ट्रक्चर केवल पत्थर और सीमेंट का काम नहीं है बल्कि यह वह धड़कन है जो गांवों को जीवंत बनाती है और लोगों को आगे बढ़ने की शक्ति देती है।

# लड़कियों के लिए शादी नहीं शिक्षा जरूरी है

**अदा/लूणकरणसर, राजस्थान**



नकोदेसर गांव की रेत भरी पगडंडी पर दस साल की रेखा हाथ में पुरानी किताबें थामे स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। उसके चेहरे पर मासूम चमक थी लेकिन मन में एक अनकहा डर भी। माँ ने जाते-जाते उसे याद दिलाया कि लौटकर उसे पानी भी भरना है और छोटे भाई को संभालना भी है। रेखा चाहती थी कि उसकी पढ़ाई पूरी हो, वह भी शहर की लड़कियों की तरह डॉक्टर या अध्यापिका बने, लेकिन उसकी दादी का कहना था कि "लड़की को इतना पढ़ाने की क्या ज़रूरत है, आखिरकार उसे तो घर ही संभालना है। " दादी के ये शब्द अक्सर रेखा के सपनों को तोड़ देते हैं। यह हकीकत नकोदेसर गांव की किसी एक लड़की की नहीं है, बल्कि यहाँ की कई किशोरियाँ इस कड़वी हकीकत से रोज गुजरती हैं।

राजस्थान आज भी देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ लड़कियों की शिक्षा को लेकर नकारात्मक सोच गहराई से जमी हुई है। परिवारों की मान्यताएँ इस दिशा में बड़ी बाधा बनती हैं। आज भी बहुत से माता-पिता मानते हैं कि उच्च शिक्षा में समय और धन लगाने की बजाय लड़की को कम उम्र में ही विवाह कर देना बेहतर है। राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर तहसील के नकोदेसर गांव में कुल आबादी लगभग 1,511 है और इसमें महिलाओं की साक्षरता दर केवल 46.02 प्रतिशत है जबकि पुरुषों की दर 65.43 प्रतिशत तक पहुँचती है। ये आँकड़े अपने आप में यह बताते हैं कि लड़कियाँ शिक्षा से किस हद तक वंचित हैं। गाँव के कई घरों में लड़कियों की प्राथमिक शिक्षा तो हो जाती है, लेकिन जैसे-जैसे वे किशोरावस्था में पहुँचती हैं, पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। कारण एक नहीं, बल्कि कई हैं। गरीबी, स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन का अभाव, और सबसे बड़ा कारण, समाज की सोच। इस गाँव के बुजुर्ग अक्सर कहते मिलते हैं कि "लड़की का असली घर उसका ससुराल है, पढ़ाई का बोझ क्यों दिया जाए। " यही सोच लड़कियों के सपनों को अधूरा कर देती है। कुछ परिवारों में यह डर भी रहता है कि पढ़ी-लिखी लड़की विवाह में कठिनाई खड़ी कर देगी, क्योंकि दूल्हे वाले उनसे ऊँची अपेक्षाएँ करेंगे।

नकोदेसर की यह तस्वीर पूरे राजस्थान के परिदृश्य से बहुत अलग नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (NFHS-5, 2019-21) के अनुसार राजस्थान में 24.5 प्रतिशत महिलाएँ, जिनकी उम्र 20 से 24 वर्ष के बीच है, उनका विवाह 18 वर्ष से पहले हो चुका था।

इसका सीधा मतलब है कि हर चार में से एक युवती को अपनी शिक्षा अधूरी छोड़नी पड़ी। हालाँकि पिछले वर्षों में सुधार भी हुआ है। 2005-06 में जहाँ बाल विवाह की दर करीब 47 प्रतिशत थी, वही 2015-16 तक घटकर 27 प्रतिशत रह गई। यह गिरावट कई सरकारी योजनाओं, सामाजिक अभियानों और शिक्षा के महत्व की बढ़ती समझ का नतीजा है। लेकिन यह कमी अभी भी पर्याप्त नहीं है, क्योंकि लगभग हर चौथी लड़की शिक्षा की जगह विवाह के मंडप में पहुँचा दी जाती है।

गाँव के भीतर यह सोच साफ दिखाई देता है कि लड़कियों को शिक्षा दिलाना अक्सर "खर्च" माना जाता है। लड़के को पढ़ाना निवेश समझा जाता है, क्योंकि वह भविष्य में परिवार का सहारा बनेगा, जबकि लड़की शादी के बाद दूसरे घर चली जाएगी।

आर्थिक तंगी से जूझते परिवारों में प्राथमिकता बेटे की पढ़ाई होती है। सुरक्षा का मुद्दा भी कम अहम नहीं। दूर दराज के गाँवों में जब स्कूल कई किलोमीटर दूर हो और परिवहन की सुविधा न हो तो परिवार लड़कियों को भेजने से हिचकते हैं। इसके अलावा किशोरावस्था में पहुँचते ही परिवारों को डर होता है कि "लड़की बाहर जाएगी तो बदनामी हो सकती है। " ऐसे में सबसे आसान उपाय उन्हें घर में रोक लेना और जल्दी शादी कर देना समझा जाता है।

इसके बावजूद हालात पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैं। गाँव के कुछ परिवारों ने साहस दिखाया है। उदाहरण के लिए नकोदेसर की दो बहनों ने दसवीं तक पढ़ाई पूरी कर अब कॉलेज में दाखिला लिया है। उनका कहना है कि उन्होंने कई बार विरोध का सामना किया, लेकिन पिता ने उनके साथ खड़े होकर समाज की परवाह न की।

ऐसे छोटे-छोटे उदाहरण उम्मीद जगाते हैं। सरकारी योजनाएँ जैसे "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ", और माध्यमिक शिक्षा में छात्रवृत्ति योजनाओं ने भी असर दिखाया है। स्कूलों में अलग से लड़कियों के शौचालय बनाए गए, जिससे उपस्थिति बढ़ी है। लेकिन इन योजनाओं का असर तब तक सीमित रहेगा जब तक परिवार की सोच नहीं बदलेगी।

शिक्षा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ियों पर असर डालती है। अध्ययनों से यह साफ हो चुका है कि जिन महिलाओं ने स्कूलिंग पूरी की, वे अपनी बेटियों को भी स्कूल भेजने की संभावना ज्यादा रखती हैं। शिक्षा पाई हुई लड़की शादी में देर से जाती है, उसका स्वास्थ्य बेहतर होता है और वह परिवार की आर्थिक स्थिति में भी योगदान करती है। नकोदेसर जैसी जगहों पर यदि अधिक लड़कियाँ पढ़ पातीं तो वहाँ की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर काफी बदल सकती थी। ऐसे में समाज को यह समझना होगा कि लड़की की शिक्षा केवल परिवार का दायित्व नहीं बल्कि पूरे समुदाय का भविष्य है।

यदि नकोदेसर जैसे गाँवों में एक भी लड़की डॉक्टर, अध्यापिका या अधिकारी बनती है तो उसका असर बाकी परिवारों पर पड़ता है। उसके सफल होने से यह धारणा टूटेगी कि "लड़की पढ़कर कुछ हासिल नहीं कर सकती। " समाज को बदलने में समय लगता है, पर बदलाव की शुरुआत छोटे कदमों से ही होती है। जैसे ही परिवार अपनी बेटियों को पढ़ने देते हैं, जैसे ही वे समझते हैं कि यह बोझ नहीं बल्कि शक्ति है, तभी नई सुबह की नींव रखी जाएगी। यह केवल आँकड़ों की बात नहीं, बल्कि जीवन की हकीकत है।

वे रोज अपने सपनों और समाज की अपेक्षाओं के बीच संघर्ष करती हैं। राजस्थान में बालिका शिक्षा और बाल विवाह के आँकड़े यह दिखाते हैं कि स्थिति बदल रही है लेकिन रफ्तार धीमी है। अब जरूरत है कि परिवार, समाज और सरकार मिलकर यह मान लें कि शिक्षा प्राप्त करना हर लड़की का मौलिक अधिकार है। अगर यह सोच हर घर तक पहुँच सके तो नकोदेसर ही नहीं, पूरा राजस्थान नई दिशा पा सकता है।

# मौसम की मार से बचा तो सड़क पर कसैला हो रहा कश्मीर का सेब

**पंकज चतुर्वेदी**

बीते कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन की मार से बेहाल, धरती के स्वर्ग कहलाने वाले




कश्मीर पर संकट मंडरा रहा है कि कहीं यहां का किसान सेबफल की बागवानी से तौबा न कर ले. पहले देर तक गर्मी पड़ी, फिर कम बर्फबारी और वह भी अल्प दिनों के लिए, इस सब विपदाओं से जूझते हुए जब शरद ऋतु के पतझड़ में उम्मीद के सेबफल आए तो राश्तों में लगे लम्बे जाम ने पूरे साल की मेहनत को सड़क पर फेंकने को मजबूर कर दिया।

हालांकि इस साल कश्मीर का सेब दिल्ली तक रेल से लाने का प्रयोग हुआ है, पर इस सेवा का लाभ बहुत कम लोगों तक पहुंच पा रहा है। भादों माह विदा हुआ तो पुलवामा, सोपोर, शोपियां जैसे जिलों में बर्फ गिरने से पहले पेड़ों पर लाल-गुलाबी और सुनहरे सेबफल झूमने लगे. इस समय सारा परिवार एकजुट होकर पहले सेब तोड़ता है, फिर उसे छंटता है और लकड़ी की पेटियों में सुरक्षित पैक करता है। फिर इन्हें ट्रकों में चढ़ा दिया जाता है। इस साल अगश्त के आखिरी हफ्ते में जम आकर बरसात हुई और कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली एकमात्र 270 किलोमीटर आल वेदर रोड पर नासिरी, उधमपुर सहित दर्जनों जगह इतना भूस्खलन हुआ कि कोई तीन हफ्ते राश्ता बंद रहा।

इस बीच कोई दस हजार ट्रक सड़कों पर फंसे रहे. जिन गाड़ियों से बदबू आने लगती, सेब को आसपास की घाटी में लुढ़का कर निराश लोग वापस आने की सोचते. उधर पुराना मुगल रोड इसके लायक नहीं रहता कि बरसात में उससे भारी वाहन ले जाए जा सकें।

सोपोर को सेबफल की सबसे बड़ी मंडी कहा जाता है। कभी यहां इस समय कंधे छीलने वाली भीड़ और लोगों का शोर होता था, लेकिन इस समय सन्नाटा है। जो लोग हैं भी तो उनके चेहरे पर खुशी नहीं है।

बम्पर फसल लेकर आए किसानों को चिंता है कि दाम सही मिलेगा या नहीं, कारण कि राश्ते बंद हैं और ऐसे में सड़क पर माल फेंकने से बेहतर है बड़े डीलर को औने-पौने दाम पर बेच दिया जाए।

कश्मीर में कोई 35 लाख लोग सेबफल के उत्पादन से जुड़े हैं जिसका सालाना व्यापार 11 हजार करोड़ रु. का है। बदलते मौसम का मिजाज किस तरह आम लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इसकी कड़वी सच्चाई कश्मीर के बागानों में दिख जाती है। कुछ लोग सुझाव देते हैं कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज क्षमता बढ़ाई जाए. इस समय शोपियां, अनंतनाग, श्रीनगर और पुलवामा में कोई 85 कोल्ड स्टोरेज हैं जिनकी क्षमता चार लाख मीट्रिक टन है। अब यहां 20 किलो की एक पेटी को चार महीने के लिए रखने का किराया 180 रुपए होता है. अधिकांश कोल्ड स्टोरेज को बड़े डीलर पूरा बुक कर लेते हैं और आम किसान को अवसर मिलता नहीं।

जान लें कि सितंबर में यदि माल रखा तो उसे दिसंबर में उठाना होगा और उस समय भारी बर्फबारी के कारण फिर से सड़क-राश्ते बंद होते रहते हैं और फलों की खपत भी कम हो जाती है।

बागान से बाजार के बीच निराशा में घुट रहे सेबफल के किसानों को राहत तभी मिल सकती हैं जब सेब का रस, सिरका और ऐसे ही उत्पादों के लघु उद्योग ग्रामीण श्तर पर शुरू किए जाएं। इसके साथ ही कश्मीरी सेब के विदेशों में निर्यात की संभावना, श्रीनगर से सीधे उन्हें बाहर भेजने के लिए हवाई कार्गो आदि पर काम किया जाए. साथ ही आधुनिक जेनेटिक तकनीक से अधिक समय तक न सड़ने वाली नस्लों के शोध और प्रचार पर भी काम करने की जरूरत है।

# पीओके में बिगड़ती कानून व्यवस्था और असुविधाओ को लेकर जनता का हल्लाबोल

**कांतिलाल मांडोत**

पाकिश्तान के कब्जे वाले पीओके में शाहबाज सरकार की बेरुखी से नाराज स्थानीय पुलिस बगावत पर उतर आई। भारत मे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पाकिश्तान अपने ही घर मे घिरने लगा है। पीओके की आवाम ख़ौफ़ज़दा है। पाकिश्तान के कब्जे वाले पीओके की जनता जिल्लतभरी जिंदगी गुजर- बसर कर रही है। असुविधाओं के कारण जीना मुहाल हो गया है। बिजली, महंगाई से त्रश्त जनता का गुस्सा भड़क उठा है।

पाकिश्तान सरकार बड़ी बड़ी डींगें हांकने में माहिर है। पीओके की जनता त्रश्त है। थाने में पुलिस नहीं है और थाने खाली है। तब सवाल उठता है कि जनता की जानमाल की हिफाजत करने वाला कौन है?शहबाज सरकार के खिलाफ बगावत के सुर तेज हो गए है। भगवान के भरोसे जनता त्राहिमाम कर रही है। पाकिश्तान में विधानसभा भवन और पीएम सचिवालय पर कोई सुरक्षा के इंतजाम नही है।

महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए कोई सुविधा नही है। सात दशक से सड़के का निर्माण नही किया है। पुल, सड़के और जर्जर स्कूल से अव्यवस्था पैदा हो रही है। पाकिश्तान के प्रधानमंत्री पलटू राम अमेरिका की शरणागति स्वीकार कर सौदेबाजी में मशगूल है। देश मे अराजकता व्याप्त है। पाकिश्तान में आतंकवादियों के हौसले बुलंद है। जिन आतंकवादियो को पाल पोस रहा है, वो पाकिश्तान की निर्दोष जनता के लिए सिरदर्द बना गया है। पाकिश्तान भी आतंकवादियों से परेशान है।

पालतुं कुत्ते मालिक पर ही हमला करता है। वैसी ही दशा पाकिश्तान की है। लॉकडाउन का ऐलान किया है। इस्लामाबाद से सुरक्षा के लिए जवान भी भेजे गए थे। पाकिश्तान में जंगलराज है। पीओके की जनता के साथ फ़ौज के जवान दुर्व्यवहार करते है। उनके आवागमन पर फ़ौज की नजर रहती है। वे ग़ुलाम जिंदगी जी रहे है। पीओके के लोगो ने कई बार पीओके को भारत मे शामिल करने के लिए गुहार लगा रहे है। देश की सबसे अच्छी और शक्तिशाली इकाई कानून व्यवस्था है। जिस देश की कानून व्यवस्था डगमगा जाती है। वहा जंगलराज कायम हो जाता है। उसके लिए कुशल प्रशासक की आवश्यकता होती है। पुलिस की अभूतपूर्व हड़ताल की वजह का कारण, पीओके की क़ानून व्यवस्था का लचर होना है।

थाने में पुलिस ही उपस्थित नही रहती है तो उसका अंदाज़ा लगाया जा सकता है। गरीबी और फटेहाल जीवन यापन करने वाली आवाम अब आजादी की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। लॉक डाउन की कवायद शुरू हो गई है। जनता ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन की इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए मांग रखी है। पाकिश्तान हर हाल में पीओके को आजाद करना नहीं चाहता है। लेकिन भारत कहता है हम हर हाल में पीओके लेकर रहेंगे।

पुलिस को वेतन और परिवार के लिए बेहतर सुविधा की मांग की है। टूटते मनोबल के दौरान सरकार को हौसला अफजाई करने की आवश्यकता है। पुलिस रात दिन काम पर रहती है। उनके परिवार के लिए कोई सुविधा या परिवार को पालने के लिए पैसे नही मिलते है। यह स्थिति पीओके की है, जहा शहबाज सरकार की प्रशंसा करते थकने नही है, वही पीओके के लिए सौतेला व्यवहार किया जाता है। पुलिस की मांग को सरकार नही मानती है, तब तक पीओके का पुलिस महकमा वापस लौटने के लिए राजी नही है। सरकार ने बजट का हवाला देकर फिर से नौकरी पर लौटने के लिए आग्रह किया गया है, लेकिन पुलिस अडिग है। पाकिश्तान खैबर में टीडीपी के 17 आतंकवादियों का खात्मा किया गया। उधर, बलूचिश्तान में संघर्ष में पाकिश्तान के 15 जवान शहीद हो गए। देश मे अराजकता व्याप्त है। ये पालतू प्रशिक्षित आतंकवादी सरकार के लिए बहुत बड़ा खतरा होगा। जिस दिन पुलिस की तरह देश मे आतंकी बगावत पर उतर आएंगे, तब पाकिश्तान सरकार और आवाम के लिए युद्ध जैसी स्थिति बनेगी। क्योकि जिन लोगो को पाकिश्तान पाल रहा है। वो सरकार के लिए खतरा खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। पाकिश्तान में पिछले दिनों आतंकी आकाओ पर कहर बरपा और एक एक कर मोस्टवांटेड आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया। आवाम के साथ की जा रही अवहेलना का उदाहरण स्वरूप यह आंदोलन है। सरकार को अब होंश आ जाना चाहिए। वर्षो से चल रही उपेक्षा, भ्रष्टाचार और लोगो के साथ ज्यादती का परिणाम है कि आवाम बुनियादी सुविधा के लिए मोहताज है। नागरिकों के स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छ पानी जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित रखा जाता है।

इस जंगलराज और फ़ौज से परेशान होकर पीओके की जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है। पीओके के हिंसक प्रदर्शन में भी लोग घायल हुए है। रक्षा मंत्री राजनाथसिंह सिंह ने पिछले दिनों कहा कि जनता परेशान और त्रश्त है। पीओके की जनता खुद चल कर भारत मे शामिल होने के लिए तैयार होगी। क्योंकि उनकी जिंदगी बदतर हो गई है। 45 से 46 लाख जनसंख्या 85, 793 किलोमीटर के क्षेत्रफल की हिस्सेदारी से पीओके में रह रही है। उनके यहां बिजली बराबर नही आती है। बिजली के लिए जनता परेशान है।

सरकार की तरफ से राशन या खानेपीने की चीज वश्तुओ का अभाव और जनता के साथ दुर्व्यवहार करने की दिनचर्या बन गई है। इन मुश्किल हालात में जनता समझौता नही करना चाहती है। पीओके भारत मे आतंकी भेजने के लिए लॉन्च पैड के रूप में इश्तेमाल किया जाता है। पाकिश्तान फ़ौज लोगो को परेशान करती है। पीओके भारत मे शामिल हो जाने पर, भारत मे घुसने वाले आतंकवादी बन्द हो जाएंगे।

यह भारत के लिए बड़ी ताकत के रूप में काम आ सकता है। क्योंकि भारत सरकार के अधीन पीओके से आतंकवादियो को रोकने में सफलता मिलेगी। लोगो के गुस्से से पाकिश्तान के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। पीओके के साथ सौतेला व्यवहार पाकिश्तान को भारी पड़ रहा है। पुलिस भी सरकार के अधीन नही है। तब सवाल उठता है कि जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी का क्या होगा?पाकिश्तान के कब्जे वाली कश्मीर में तीन बड़े शहरों मेंपाकिश्तान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। क्षेत्र में बंद के दौरान प्रतिष्ठान बंद रहे।

इलाको में मशाल और मोटरसाइकिल लेकरमार्च निकाला गया। सरकार के खिलाफ जनता घरों से निकल चुकी है। सेना ने उन शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कारियो पर गोलियां चलाई है। 2022 और 2023 में भी जनता सड़को पर उतरी थी। जनता जानती है कि सरकार कुछ परिवर्तन करने वाली नही है। जिस तरह से पीओके के हालात बदतर हुए है, उससे तो लोगो का जीवन नरकगामी बनता जा रहा है। बगावत का सुर तेज हो गया है।

पाकिश्तान सेना और सरकार मिलकर आतंकी कैम्प बना रहे है। भारतीय सेना नेऑपरेशन सिंदूर में तबाह कर दिए थे। पाकिश्तान अपनी हरकतों से बाज आने वाला नही है। कुत्ते की दुम 12 साल के बाद भी वैसी की वैसी ही थी। यह कहावत है कि वो सुधरने वाला नही है।

# भारतीय विज्ञान में महिलाओं की अधूरी यात्रा

## प्रतीकात्मक उपस्थिति से प्रभावी नेतृत्व तक पहुँचने की जद्दोजहद और राष्ट्रीय नवाचार की अनिवार्यता

भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की मौजूदगी ने पिछले कुछ दशकों में नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर मिसाइल विकास तक उनकी भूमिका आज किसी से छिपी नहीं है। लेकिन यह यात्रा अभी भी अधूरी है क्योंकि तथाकथित 'लीकी पाइपलाइन' यानी शिक्षा और कॅरियर के अलग-अलग चरणों पर महिलाओं का बाहर हो जाना, उन्हें नेतृत्व की सीट तक पहुँचने से रोकता है। यह समस्या केवल व्यक्तिगत आकांक्षाओं की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नवाचार और उत्कृष्टता की है। सवाल यही है कि भारत कब इस रिसाव को रोकेगा और कब महिलाएँ बराबरी से विज्ञान की बागडोर थामेंगी।

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरिक्ष कार्यक्रम, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान आज विश्व श्तर पर बनी है। इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिकता भर नहीं रही बल्कि ठोस और प्रभावी साबित हुई है। डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें मिसाइल महिला कहा जाता है, या चंद्रयान-3 मिशन की महिला वैज्ञानिकों कल्पना कलहश्ती और ऋतु करिधल का योगदान इसका जीवंत उदाहरण है। यह स्पष्ट करता है कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अब केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, वे वाश्तविक परिवर्तन की धुरी बन चुकी हैं।

फिर भी तस्वीर का दूसरा पहलू चिंता पैदा करता है। भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की संख्या बड़ी है, परंतु शोध और नेतृत्व के पदों तक पहुँचते पहुँचते यह संख्या लगातार घटती जाती है। इस प्रवृत्ति को ही 'लीकी पाइपलाइन' कहा जाता है।

ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि स्नातक श्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगभग तैंतालीस प्रतिशत है। यह आँकड़ा किसी भी देश के लिए गौरवपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब यही लड़कियाँ आगे शोध और अनुसंधान के मार्ग पर बढ़ती हैं तो मात्र चौदह प्रतिशत ही इस क्षेत्र में टिक पाती हैं। यही नहीं, उच्च शिक्षा संस्थानों में महिला संकाय की संख्या लगभग पंद्रह प्रतिशत तक सीमित है। देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएससी या सीएसआईआर अब तक किसी महिला के नेतृत्व में नहीं रहे। वैज्ञानिक पुरस्कारों और मान्यताओं की दुनिया में भी असमानता साफ दिखती है। वर्ष 2023 तक दिए गए छह सौ से अधिक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों में केवल सोलह ही महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि प्रारंभिक श्तर पर भले ही महिलाएँ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समान उत्साह के साथ प्रवेश करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे ज़िम्मेदारियाँ और दबाव बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या कम होती जाती है। यही वह रिसाव है जो राष्ट्रीय उत्कृष्टता को कमजोर करता है।



इस रिसाव की कई परतें हैं। मातृत्व और परिवार की ज़िम्मेदारियाँ महिलाओं के कॅरियर को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। लंबे कार्य घंटे, उच्च दबाव वाले प्रोजेक्ट और लचीले विकल्पों की कमी के कारण बहुत सी प्रतिभाशाली महिलाएँ बीच राश्ते से बाहर हो जाती हैं। संस्थागत ढाँचे में भी पुरुष वर्चस्व कायम है।

विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पदोन्नति और नेतृत्व पदों पर जाने का मार्ग महिलाओं के लिए कठिन है। अनौपचारिक नेटवर्क, सामाजिक पूर्वाग्रह और लैंगिक धारणाएँ इस कठिनाई को और गहरा करती हैं।

वित्तपोषण और मान्यता का संकट भी कम नहीं है। शोध अनुदान में महिलाओं को कम प्राथमिकता दी जाती है। यह उनकी परियोजनाओं की दिशा और नवाचार की संभावनाओं को सीमित करता है। सामाजिक दृष्टिकोण भी विज्ञान को पुरुष प्रधान क्षेत्र मानता है, जिससे परिवार और समाज अक्सर लड़कियों को इस ओर बढ़ने से हतोत्साहित करते हैं। यदि कोई महिला कॅरियर ब्रेक ले भी ले तो पुनः-प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की महिला वैज्ञानिक योजना अवश्य मौजूद है, परंतु उसकी पहुँच अभी बहुत सीमित है।

यह समस्या केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियों की बाधा नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य से भी गहराई से जुड़ी है। जब भारत विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प ले रहा है, तब वैज्ञानिक नवाचार और शोध में आधी आबादी की भागीदारी को नज़रअंदाज़ करना आत्मघाती साबित हो सकता है।

विश्व बैंक का अनुमान है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को सात सौ अरब डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि मिल सकती है। यदि महिलाएँ बराबरी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान करेंगी तो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा स्वतः बढ़ेगी।

इसके साथ ही यह भारत की वैश्विक छवि का भी सवाल है। लैंगिक समानता की दिशा में ठोस कदम भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और नेतृत्व की आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर जब भारतीय महिला वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलती हैं तो वह भारत की विश्वसनीयता का प्रतीक बन जाता है। इससे भी आगे, यह आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षा का प्रश्न है। अगर आज हम विज्ञान में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हैं, तो कल हमारी बेटियाँ आत्मविश्वास से भरी होंगी और विज्ञान को अपनी पसंद का क्षेत्र मानेंगी।

सरकार ने कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की किरण योजना, महिला वैज्ञानिक योजना, एसईआरबी पॉवर फेलोशिप जैसी पहलें युवा महिला शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। इसरो और डीआरडीओ ने लचीले कार्य समय, विश्तारित मातृत्व अवकाश और घर से काम करने जैसे विकल्प लागू किए हैं। कई संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता समितियाँ भी गठित की गई हैं। लेकिन यह सब अभी भी अपर्याप्त है। आवश्यकता है कि इन योजनाओं की पहुँच को बढ़ाया जाए और उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

आगे की राह यह है कि अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रतिनिधित्व की सीमा तय की जाए। महिला नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए विशेष वित्तपोषण सुनिश्चित हो। कॅरियर ब्रेक के बाद पुनः-प्रवेश को आसान बनाया जाए और अधिक संख्या में पुनः-प्रवेश फेलोशिप दी जाए। वरिष्ठ महिला वैज्ञानिकों और नई शोधार्थिनियों के बीच मार्गदर्शन का सेतु तैयार किया जाए। सबसे बढ़कर, समाज की मानसिकता बदली जाए। परिवार और समाज को यह स्वीकार करना होगा कि विज्ञान पुरुषों का नहीं, बल्कि सभी का क्षेत्र है।

भारतीय विज्ञान में महिलाओं की यात्रा प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे बढ़ चुकी है, लेकिन नेतृत्व तक पहुँचने में अब भी कई बाधाएँ मौजूद हैं। यह बाधाएँ केवल व्यक्तिगत हानि नहीं बल्कि राष्ट्रीय हानि भी हैं। अगर भारत को ज्ञान शक्ति बनना है, तो इस रिसाव को रोकना ही होगा। वाश्तविक नवाचार और उत्कृष्टता तभी संभव है जब प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पुरुष और महिलाएँ बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। यह केवल समान अवसर का सवाल नहीं है, बल्कि भारत के वैज्ञानिक भविष्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का भी प्रश्न है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मंयक पाठक द्वारा सर्किल प्रथम में पुलिस बल के साथ कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया।

क्षेत्राधिकारी द्वितीय कमलेश कुमार द्वारा सर्किल द्वितीय में पुलिस बल के साथ कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया। क्षेत्राधिकारी तृतीय सर्वम सिंह द्वारा सर्किल तृतीय में पुलिस बल के साथ कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रमुख चौराहों/तिराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, मुख्य चौराहों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थानों पर मय दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित फ्लैग मार्च किया गया, जनपद की स्थिति बिल्कुल सामान्य है। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर संवेदनशील इलाकों में नजर रखी जा रही है।

## दीक्षांत समारोह में प्रोफेसर कमल किशोर पंत होंगे मुख्य अतिथि

फोटोः07-प्रोफेसर कमल किशोर पंत

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ का द्वितीय दीक्षांत समारोह आगामी 15 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जाना प्रश्तावित है। कुलाधिपति ने इस समारोह हेतु प्रो. पंत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस समारोह में विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी वितरित किए जाएँगे।

इस वर्ष के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर कमल किशोर पंत, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की, सम्मिलित होंगे। वे इस अवसर पर दीक्षांत भाषण भी देंगे। प्रो. पंत एक ख्यातनाम वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् हैं, जिन्होंने उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने 1997 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से केमिकल इंजीनियरिंग में शोध कार्य पूर्ण किया है।

## भाकियू कार्यकर्ता के साथ मारपीट के विरोध में उतरा संगठन

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

थाना सासनी गेट क्षेत्र के पला साहिबाबाद में एक भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कार्यकर्ता के घर में कुछ सामाजिक लोगों के द्वारा लाठी डंडों एवं तमंचे से हमला कर दिया था। जिसकी वजह से किसान यूनियन के कई लोग जख्मी हो गए, किसानों के द्वारा उक्त लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत भी की लेकिन आज तक किसी भी तरह की उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हुआ बताया जा रहा है।

थाना पुलिस की कार्यशैली को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने निष्पक्ष जांच के लिए एसपी सिटी को एक ज्ञापन सोपा है। उनका साफ तौर पर कहना है कि पुलिस के द्वारा उनके कार्यकर्ताओं के प्रति लचीला व्यवहार अपनाया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस के द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने एसपी सिटी कार्यालय में तैनात एक पुलिस कर्मी पर भी अभद्रता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिस तरह की भाषा शैली का उन्होंने उपयोग किया है उस तरह की भाषा शैली का उपयोग उन्हें नहीं करना चाहिए। किसान और जवान का एक पारिवारिक रिश्ता होता है।

## वसूली के लिए क्लस्टर का करेगा प्रयोग बिजली विभाग

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

बिजली विभाग बकायेदारों पर दबाव बनाने के लिए अब तक उन्हें चेतावनी देकर कनेक्शन काटता रहा है। एकमुश्त योजना भी लागू की जा चुकी हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग का बकाया नहीं चुकाया है। जिले में 7.35 लाख उपभोक्ता है। इनमें से करीब दो लाख उपभोक्ताओं पर बकाया है। जिले के तीन सर्किल में 10 डिवीजन में छह डिवीजन ग्रामीण क्षेत्र में हैं। चार डिवीजन शहर में हैं।

बकायेदारों पर शिकंजा कसने के लिए बिजली विभाग नया प्रयोग करने जा रहा है। क्लस्टर बनाकर बकायेदारों को चिह्नित करेगा। फिर उनसे वसूली की जाएगी। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल के आदेश पर चीफ इंजीनियर ने अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं। जिले में उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का 200 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। इसमें सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में है।

विभाग सभी डिवीजनों में ऐसे 12-15 हजार उपभोक्ताओं का क्लस्टर बनाकर चिह्नित करेगा। इनकी सूची लेकर बिजली विभाग की टीम उपभोक्ताओं के घर जाकर दबाव बनाएगी कि वे बिल जमा करें। अन्यथा कनेक्शन काटे जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र के नलकूप उपभोक्ताओं की जब से बिल माफी हुई है। उससे पहले का बकाया चल रहा है।

छा गए एसएसपी साहब

# सोमेन बर्मा ने पुलिस लाइन में किया धुनुची नृत्य, पत्नी भी रहीं साथ

**मिर्जापुर , एजेंसी।** मिर्जापुर में नवरात्र की अष्टमी और नवमी की रात पश्चिम बंगाल की परंपरागत धुनुची नृत्य पर मां दुर्गा के पूजन की विधा को देख हर कोई मंत्र मुग्ध रह गया। पुलिस कप्तान सोमेन बर्मा ने पुलिस लाइन में स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल में धुनुची नृत्य कर मां को प्रसन्न करने के लिए आराधना की। कप्तान ने हाथों में लोहबान, धूप, नारियल का छिलका और कपूर से भरे धुनुची को लेकर भाव विह्वल होकर नृत्य किया। उनके डांस का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिले के पुलिस लाइन में आयोजित इस आस्था भरे कार्यक्रम में हर अधिकारी और पुलिसकर्मी अपने परिवार के साथ शामिल रहा। सोमेन बर्मा करीब तीन मिनट तक धुनुची नृत्य और देवी की आराधना करते रहे। एसएसपी सोमेन बर्मा बंगाल के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी निवेदिता आईआरएस अधिकारी हैं। वे भी अपने परिवार के साथ



मां की पूजा अर्चना करती दिखीं। एसएसपी को ऐसा नृत्य करते देख हर कोई हैरान दिखा। जिले में शहर से गांव तक पूजा पंडालों में स्थापित शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की पूजा चलती रही। पंडालों में स्थापित देवी माता के दर्शन पूजन करने के लिए महिलाओं और बच्चों के साथ बुजुर्गों की भीड़ उमड़ी रही। दुर्गा पूजा पंडालों में कुंआरी कन्या पूजन विधि विधान से कर उन्हें पारंपरिक तरीके से विदाई दी गई। जिले के रमईपट्टी, वासलीलीगंज, तहसील परिसर, घंटाघर, पांडेयपुर, फतहा समेत अन्य स्थानों के दुर्गापूजा पंडालों में कन्या पूजन, भंडारा आयोजित किए गए। इसी तरह अहरौरा नगर के चौक बाजार, गोला सहूवाइन, पांडेय जी दक्षिणी फाटक, पटवा टोला, कोइरान बाजार, रवानी टोला बूढ़ादेई, नई बाजार, डीह, कुदारन, बेलखरा, सरिया, धुरिया, महुली में पचरा की धूम रही।

# यूपी में एसडीएम के भाई का कत्ल

● हाथों में पट्टी... शरीर पर चोट के निशान, दोस्तों संग यहां गया; कॉलेज में मिली लाश

**मेरठ , एजेंसी।** यूपी के बागपत जिले के बड़ौत में युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक युवक की पहचान राजस्थान के जयपुर की एसडीएम दीविका तोमर के चचेरे भाई संयम तोमर (20) निवासी महावतपुर बावली के रूप में हुई है। शव बृहस्पतिवार की सुबह जनता वैदिक डिग्री कॉलेज परिसर में डेयरी विभाग के पास पड़ा हुआ मिला। संयम के शरीर पर चोट के कई निशान भी मिले। इसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। शहर के जनता वैदिक डिग्री कॉलेज में डेयरी विभाग के पास कूड़ा डालने के लिए बनाए गए गड्ढे में बृहस्पतिवार सुबह एक युवक का अर्धनग्न हालत में शव पड़ा मिला। कॉलेज परिसर में सुबह की सैर करने आए लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

### हाथों में बंधी थी पट्टी, शरीर में कई जगह थे चोट के निशान

संयम अविवाहित और दो भाइयों में छोटे थे। उनका बड़ा भाई संचित बागपत शुगर मिल में संविदाकर्मी है। परिजनों ने बताया कि संयम के हाथ में पट्टी बंधी हुई थी और उसके शरीर के कई हिस्से पर चोट के निशान थे। संचित ने बताया कि संयम के दोनों हाथों, कमर, पीठ, जांग और सिर पर चोट के निशान मिले। उधर, पोस्टमार्टम में चोट के निशान कई दिन पुराने मिले और मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित किया गया है।

### जेब में मिले मोबाइल को चार्ज करने के बाद हुई पहचान

वहां आए सीओ विजय कुमार तोमर, कोतवाली प्रभारी ने शव को गड्ढे से निकालकर जांच की। जेब में मिले मोबाइल को चार्ज करने के बाद कॉल करने पर पता चला कि वह शव महावतपुर बावली गांव के संयम तोमर का है। बाद में उसके परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। रिश्तेदार विनोद खेड़ा ने बताया कि संयम उनके साले का बेटा है और संयम की ताऊ की बेटी दीविका तोमर जयपुर में एसडीएम हैं। भाई संचित ने बताया कि संयम 30 सितंबर को घर से दोस्तों के साथ हरिद्वार जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हुआ। बृहस्पतिवार सुबह पुलिसकर्मियों ने फोन कर जनता वैदिक कॉलेज में शव पड़ा होने की जानकारी दी। संयम के जनता वैदिक कॉलेज में जाने के बारे में भी परिजनों को कुछ नहीं पता। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

## आजमगढ़ में पुलिस मुठभेड़: 25 हजार का इनामी पशु चोर गिरफ्तार, गैंगस्टर एक्ट सहित आरोपी पर दर्ज हैं 30 मामले

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के थाना बिलरियागंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वांछित पशु चोर व 25,000 रुपये के इनामी अपराधी आदिल को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान उसके दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए सीएचसी बिलरियागंज भेजा गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल आजमगढ़ रेफर कर दिया।

### क्या है पूरा मामला

एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात थाना बिलरियागंज क्षेत्र के ग्राम जगजीवनपुर तिराहा के पास पुलिस और अपराधी आदिल के बीच मुठभेड़ हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की थी। पुलिस को देखकर आदिल ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली आदिल के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल अपराधी के पास से एक तमंचा .315 बोर, दो कारतूस, एक मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल (अपाचे) और 2000 रुपये नगद बरामद हुए हैं। अभियुक्त आदिल ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर 18 अक्तूबर 2024 की रात ग्राम बसिला से एक घर से भैंस चोरी की वारदात में शामिल था। इस मामले में थाना बिलरियागंज में पहले से ही मुकदमा दर्ज है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त आदिल का आपराधिक इतिहास बेहद गंभीर है। आजमगढ़ जिले के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ अवैध हथियार, चोरी, डकैती, गौवध, गैंगेस्टर एक्ट, पशु क्रूरता जैसे कुल 30 मुकदमे पंजीकृत हैं।

## दुकान में की तोड़फोड़, दो को पीटा

अलीगढ़, एजेंसी। नगर में एक दुकान पर काम कर रहे एक युवक व उसके साथी को हमलावरों ने बुधवार को पीट दिया। दुकान में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने चार नामजद सहित 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बरला के गांव गाजीपुर निवासी वीरपाल ने बताया कि वह कस्बे में लवकुश की दुकान पर काम करते हैं। बुधवार की सुबह करीब नौ बजे वह दुकान पर काम कर रहे थे।

इस बीच करीब 14 लोग दुकान में आ गए। आरोप है कि उनके हाथ में तमंचा, डंडे थे। उन्होंने वीरपाल पर हमला कर दिया। दुकान में भी तोड़फोड़ की। बचाव में आए उसके साथी गोपाल को भी पीटा। इससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों के आने पर हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने अभिषेक निवासी गाजीपुर, ऋषिपाल, प्रीतम, गोविंदा व 10 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## छितौना कांड में घायल छोटू राजभर की मौत, तीन महीने से जिंदगी और मौत के बीच लड़ रहा था जंग

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी जिले के चिरईगांव ग्राम पंचायत छितौना में बीते 5 जुलाई को निराश्रित गोवंश को लेकर हुए विवाद में घायल छोटू राजभर (45) ने बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में बीती रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। करीब तीन महीने से वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। घटना के दिन दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें कुल पांच लोग घायल हुए थे। गंभीर घायलों का इलाज बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में चला, जिनमें अधिकांश स्वस्थ होकर घर लौट आए, लेकिन छोटू राजभर की स्थिति नाजुक बनी रही। आखिरकार गुरुवार रात्रि में उसकी मौत हो गई। इस प्रकरण में आरोपी संजय सिंह भी घायल हुआ था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके दोनों बेटे पहले से ही इसी मामले में जेल में बंद हैं। घटना के बाद मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया था। सुभासपा और करणी सेना के बीच वाकयुद्ध और शक्ति प्रदर्शन तक हुआ। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसआईटी गठित कर जांच शुरू कराई थी। छोटू राजभर की मौत के बाद गांव में तनाव का माहौल है। चौबेपुर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच शव का अंतिम संस्कार कराने की तैयारी में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि छोटू राजभर का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इसके बाद शव गांव पहुंचेगा। गांव से दाह संस्कार सराय मोहाना घाट पर किया जाएगा। शांति व्यवस्था कायम है। एहतियातन पुलिस तैनात की गई है।

**घटना में शामिल भाजपा बूथ अध्यक्ष संजय सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार –** छितौना गांव में असलहा, लाठी, पंच से मारपीट कर घायल करने के आरोपी भाजपा बूथ अध्यक्ष संजय सिंह को पुलिस ने 2अक्टूबर को 12 :40 बजे पं दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल से हत्या के प्रयास सहित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में ज्वाला प्रसाद निवासी छितौना ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था। मारपीट के दौरान संजय सिंह भी घायल हो गए थे, तभी से अस्पताल में भर्ती थे।

# आईआईटी का काउंसलिंग तंत्र फेल

22 महीने में सात आत्महत्याएंज्प्रबंधन बोला- उठा रहे हैं जरूरी कदम

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में नौ प्रोफेशनल काउंसलर, 24 घंटे की ऑनलाइन हेल्पलाइन, डी-एडिक्शन क्लीनिक और हर 30 छात्रों पर फैकल्टी एडवाइजर...आईआईटी कानपुर का मजबूत काउंसलिंग तंत्र एक बार फिर मेधावी की जान बचा पाने में फेल साबित हुआ। काउंसलिंग तंत्र इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र धीरज के मन की बात नहीं समझ सका। उसने फंदा लगाकर जान दे दी। यह सिर्फ एक मामला नहीं बल्कि पिछले 22 महीनों में सात होनहारों ने जीवन लीला समाप्त कर ली।

धीरज की मौत ने न केवल पूरे कैंपस को हिला दिया। बल्कि संस्थान की मौजूदा छात्र कल्याण व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रिवेंशन ऑफ इंडिया फाउंडेशन के जरिये छात्रों, फैकल्टी और हॉस्टल समितियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। हर 30 स्नातक छात्रों पर एक फैकल्टी एडवाइजर तैनात है लेकिन धीरज का यह कदम इन सभी सुविधाओं की प्रभावशीलता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। लगातार बढ़ते मामलों ने आईआईटी कानपुर के माहौल को गहराई से झकझोर दिया है। संस्थान प्रशासन पर दबाव है कि वह मौजूदा काउंसलिंग और हेल्पलाइन तंत्र की समीक्षा कर ठोस कदम उठाए ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।





**दो दिन से कमरे में था शव, प्रबंधन को भनक तक नहीं लगी–** आईआईटी कानपुर में आत्महत्या करने वाले छात्र का शव दो दिन तक कमरे में पड़ा रहा, लेकिन आईआईटी प्रबंधन को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब कमरे से दुर्गंध आने लगी तब छात्रों की शिकायत के बाद छात्र का शव मिलना आईआईटी प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सवाल यह है कि हॉस्टल में दो दिन तक दरवाजा बंद रहने के बावजूद न तो वार्डन को सूचना दी गई और न ही किसी ने छात्र की खोजबीन की।

### एथलीट धीरज, उद्घोष को लेकर था उत्साहित

आईआईटी कानपुर में तीन अक्तूबर से स्पोर्ट्स इवेंट उद्घोष की शुरुआत होने से पहले ही धीरज की मौत की खबर से खिलाड़ी स्तब्ध हैं। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र धीरज एथलीट भी थे। उन्होंने संस्थान की कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। यही कारण रहा कि संस्थान ने उद्घोष के संबंध में होने वाली प्रेसवार्ता को भी निरस्त कर दिया गया। कहीं न कहीं संस्थान आत्महत्या की बात जगजाहिर नहीं करना चाहता था।

# ऑपरेशन महाकाल बंद, आई 412 शिकायतें ,59 में हुई एफआईआर, भूमाफिया के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर शहर के साथ प्रदेश भर में चर्चित ऑपरेशन महाकाल 30 सितंबर से बंद हो गया है। अब तक 412 शिकायतें आई हैं जिनमें से 55 से 60 में एफआईआर हुई हैं। अन्य की जांच एसआईटी के अलावा सभी जोन के डीसीपी और अन्य अधिकारी कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर, संयुक्त पुलिस आयुक्त और डीसीपी कार्यालय आने वाली धोखाधड़ी, कब्जा करने, फर्जी मामले में फंसाकर रंगदारी मांगने की शिकायतों की जांच पूर्व की तरह जारी है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के पास कई पीड़ित आए थे। इसमें उन्होंने बताया कि उन्हें छेड़छाड़ और दुष्कर्म के फर्जी मामलों में फंसाकर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। फिर उसको हटवाने के लिए रंगदारी मांगी गई। पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी का गठन किया, जिसके बाद




अधिवक्ता अखिलेश दुबे और उसके साथियों के खिलाफ बर्रा, कोतवाली, ग्वालटोली, किदवईनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई। रावतपुर थाने में गजेंद्र सिंह नेगी और उसके भाइयों, चकेरी में अधिवक्ता, कल्याणपुर में लाली शुक्ला समेत अन्य लोगों पर एफआईआर हुई। कुछ शिकायतें थाने, एसीपी, एडीसीपी, डीसीपी, संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय पर भी पहुंचीं, जिनकी जांच जारी है।

**गाजियाबाद, नोएडा और अन्य जिलों से आई शिकायतें–** ऑपरेशन महाकाल की लोकप्रियता और कमिश्नरी पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए गाजियाबाद, नोएडा और अन्य जनपदों से भी शिकायतें पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचीं। इनमें कुछ शिकायतें ई-मेल से भेजी गई थीं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का ट्रांसफर हो गया है। वह दीपावली से पहले ही डिजिटल इंडिया में एमडी का चार्ज संभाल सकते हैं। इस वजह से भी जांच और कार्रवाई पर कुछ असर पड़ा है। हालांकि इस संबंध में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

**भूमाफिया व कब्जेदारों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान–** स्टाफ ऑफिसर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि ऑपरेशन महाकाल जरूर समाप्त हो गया है, लेकिन भूमाफिया और कब्जेदारों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। एसआईटी की जांच चल रही है। साक्ष्य और गवाहों के बयान लिए जा रहे हैं।

# मैट्रिमोनियल साइट पर डॉक्टर बन लाखों की ठगी, नाइजीरियाई सहित तीन अंतरराष्ट्रीय ठग गिरफ्तार

**मुरादाबाद , एजेंसी।** महिलाओं को वेबसाइट से शादी का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना सहित तीन अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी चिनवेके एम्मानुअल कानू नाइजीरिया का निवासी है और अवैध रूप से दिल्ली में रह रहा था। गिरोह का यह सरगना महिलाओं से दोस्ती कर विश्वास जीतता और खुद को विदेश में रहने वाला डॉक्टर या व्यवसायी बताकर महंगे उपहार भेजने का झांसा देता। इसके बाद कस्टम या कोरियर शुल्क के नाम पर लाखों रुपये वसूल करता।

**शिक्षिका से 94 लाख की ठगी–** मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक शिक्षिका ने साइबर ठगी का शिकार होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उन्होंने शादी वेबसाइट पर अपना बायोडाटा शेयर किया था। इसके कुछ ही समय बाद उन्हें व्हाट्सएप कॉल आया।

कॉल करने वाले ने खुद को अमेरिका में नौकरी करने वाला एमबीबीएस डॉक्टर बताया और कहा कि वह भारतीय युवती से शादी करना चाहता है। दो दिन बाद आरोपी ने कहा कि वह शिक्षिका के लिए अमेरिका से गिफ्ट भेज रहा है। इसके बाद एक महिला ने कॉल कर बताया कि पार्सल में सोने की चेन, अमेरिकी करेंसी और अन्य सामान है, लेकिन इसे पाने के लिए कुछ भुगतान करना होगा। शिक्षिका ने भुगतान किया, तो आरोपी महिला ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर और अधिक रकम ठगनी शुरू कर दी। इस तरह शिक्षिका से कुल 94 लाख की ठगी की गई।

### अंतरराष्ट्रीय गिरोह की गिरफ्तारी

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बुधवार को नाइजीरियाई युवक चिनवेके एम्मानुअल कानू और दो नेपाली युवतियों संगीता और ममता को गिरफ्तार किया है। इसके पहले, मणिपुर निवासी कोंसम सुनीता को आठ सितंबर को गिरफ्तार किया जा चुका था।

**18 राज्यों की महिलाओं को बनाया शिकार–** जांच में पता चला कि यह गिरोह केवल मुरादाबाद तक सीमित नहीं था। देश के 18 राज्यों की महिलाओं को इसका शिकार बनाया गया। इनमें कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, केरल, गुजरात और राजस्थान जैसी राज्य शामिल हैं।



भारत बनाम वेस्टइंडीजः

# राहुल ने लगाया 11वां टेस्ट शतक

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में जारी पहले टेस्ट मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। टीम इंडिया ने मैच के दूसरे दिन लंच ब्रेक तक 4 विकेट खोकर 219 रन बना लिए हैं। यहां से टीम इंडिया के पास 56 रन की लीड है। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल टेस्ट करियर का 11वां शतक अपने नाम कर चुके हैं। केएल राहुल 197 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। यह सलामी बल्लेबाज अब तक अपनी पारी में 12 चौके लगा चुका है। राहुल का घरेलू मैदान पर एकमात्र अन्य टेस्ट शतक दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ आया था। फिलहाल, उनका साथ ध्रुव जुरेल दे रहे हैं, जिन्होंने 38 गेंदों में 1 चौके के साथ 14 रन अपने खाते में जुटा लिए हैं।

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत 121/2 के स्कोर के साथ की। मेजबान देश ने पहले सेशन में गिल के रूप में सिर्फ एक ही विकेट गंवाया। टीम इंडिया ने बल्लेबाजी के अनुकूल नजर आ रही इस पिच पर शानदार बैटिंग करते हुए पहले सेशन में 97 रन जुटाए हैं। शुक्रवार को यहां उमस है। ऐसे में गेंदबाज थोड़ी मुश्किल में नजर आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम को अपना ही फैसला भारी पड़ा। यह टीम पहली पारी में सिर्फ 44.1 ओवर ही खेल सकी। मेहमान टीम महज 162 रन पर सिमट गई।

इंडिया-वेस्टइंडीज टेस्टः

## रवींद्र जडेजा ने भी जड़ा शतक, जुरेल 125 रन बनाकर आउट

विंडीज की टीम पस्त



**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है. आज (3 अक्टूबर) इस मुकाबले का दूसरा दिन है. भारतीय टीम की पहली पारी चल रही है. भारत का स्कोर 430 रन को पार कर चुका है और उसके 5 विकेट गिरे हैं. रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद बैटर हैं. जुरेल ने अपने करियर का पहला टेस्ट शतक लगाया. वहीं जडेजा भी शतक जड़ चुके हैं. भारत की लीड 260 रनों से ज्यादा की हो चुकी है. इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रनों पर सिमट गई थी. भारत की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी की. यशस्वी 36 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन केवल 7 रन बनाकर चलते बने.

संजय बांगर का दावा

## वनडे में रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ सकता है ये भारतीय ओपनर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कोच संजय बांगर ने हाल ही में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल वनडे में रोहित शर्मा के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 264 रन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। बांगर ने 'द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो' पर यह टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर गिल 45-46 ओवर तक बल्लेबाजी करें, तो उनके पास यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने की पूरी क्षमता है। गिल के दोहरे शतक और शानदार रन-स्कोरिंग फॉर्म को देखते हुए यह भविष्यवाणी भरोसेमंद लगती है।

**गिल की वनडे उपलब्धियां:** 55 वनडे मैचों में गिल ने 2,755 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 208 रन है, जो उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ 149 गेंदों में बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 19 चौके और नौ छक्के जड़े। गिल अब सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और रोहित शर्मा जैसी महान सूची में शामिल हैं।

**रिकॉर्ड तोड़ने की संभावना:** बांगर का मानना है कि गिल ने पहले भी दोहरा शतक जमाया है और अगर उन्हें लंबी पारी खेलने का मौका मिले तो वह रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। उनके मुताबिक गिल की तकनीक, स्ट्राइक रेट और धैर्य उन्हें यह बड़ा रिकॉर्ड हासिल करने के लिए तैयार बनाते हैं। क्रिकेट विशेषज्ञ इसे एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संभव मिशन मान रहे हैं।

**अभिषेक शर्मा और टी20 रिकॉर्ड:** बांगर ने युवराज सिंह के 2007 टी20 विश्व कप अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी याद किया। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा इस रिकॉर्ड को चुनौती दे सकते हैं। अभिषेक ने हाल ही में एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया, छह पारियों में 314 रन बनाए और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार जीता।

**युवा खिलाड़ियों का भविष्य:** बांगर के अनुसार, गिल और अभिषेक दोनों ही भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए कीमती हैं। गिल का रिकॉर्ड तोड़ने का माद्दा और अभिषेक की तेज़ बल्लेबाज़ी टीम इंडिया को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन युवा खिलाड़ियों की मेहनत और क्षमता आने वाले सालों में कई रिकाईस को चुनौती देगी।

## सेंथिलकुमार-चोटरानी का निराशाजनक प्रदर्शन, चार्लोट्सविले ओपन के क्वार्टर फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता चार्लोट्सविले ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन किया और स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। सेंथिलकुमार और चोटरानी अब अभय सिंह और रमित टंडन के साथ रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता ओपन स्क्वैश क्लासिक में भाग लेंगे।

Football World Cup:

## 2026 विश्व कप का आधिकारिक मैच बॉल ट्रियोन्डा लॉन्च, तीन देशों की एकता और जुनून का प्रतीक



**ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), एजेंसी।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल ट्रियोन्डा का अनावरण कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में आयोजित होगा और किक-ऑफ में अब केवल नौ महीने का समय बाकी है। फीफा और एडिडास ने मिलकर इस ऐतिहासिक बॉल को तैयार किया है, जो पहली बार तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हो रहे विश्व कप की एकता और जुनून को दर्शाती है।

### तीन लहरें का प्रतीक है ट्रियोन्डा

ट्रियोन्डा नाम का अर्थ स्पेनिश भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है तीन लहरें। यह नाम उन तीन मेजबान देशों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका को मिलाकर इस वर्ल्ड कप की मेजबानी के जश्न को दर्शाता है। फीफा ने कहा कि यह बॉल सिर्फ एक खेल उपकरण नहीं, बल्कि तीनों राष्ट्रों की साझी ताकत और फुटबॉल प्रेम का प्रतीक है।

### फीफा अध्यक्ष इन्फैन्टिनो ने की तारीफ

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है। एडिडास ने एक और आइकॉनिक बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल की मेजबान टीमों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को प्रतिबिंबित करता है। मैं इंतजार नहीं कर पा रहा कि यह खूबसूरत बॉल गोलपोस्ट में जाते हुए दिखे।

## जिम्बाब्वे ने 4 साल बाद टी-20 वर्ल्डकप में जगह बनाई



**हरारे, एजेंसी।** नामीबिया और जिम्बाब्वे ने गुरुवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अफ्रीकन क्वालिफायर में नामीबिया ने तंजानिया को हराया, वहीं जिम्बाब्वे ने केन्या को हराकर द्धष्टष्ट टूर्नामेंट में जगह बनाई। टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा। नामीबिया ने लगातार चौथे टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे 4 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप खेलते नजर आएगी। पिछली बार यूगांडा से हारने के कारण टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

**नामीबिया 63 रन से जीती:** जिम्बाब्वे के हरारे में 26 सितंबर से अफ्रीकन रीजरन की टीमों के बीच क्वालिफायर टूर्नामेंट खेला जा रहा है। गुरुवार को नामीबिया और तंजानिया में पहला सेमीफाइनल खेला गया। नामीबिया ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 174 रन बनाए। टीम से कप्तान जेरार्ड एरासमस ने 55 और रुबेन ट्रम्पलमैन ने 61 रन की पारी खेली। 175 रन के बड़े टारगेट के सामने तंजानिया की टीम 8 विकेट खोकर 111 रन ही बना पाई। टीम से अभिक पटवा ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। नामीबिया के लिए जेजे स्मिट और बेन शिकोंगो ने 3-3 विकेट लिए।

**जिम्बाब्वे ने केन्या को हराया :** क्वालिफायर का दूसरा सेमीफाइनल केन्या और जिम्बाब्वे के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए केन्या ने 6 विकेट खोकर 122 रन बनाए। रकेप पटेल ने 47 गेंद पर 65 रन बनाए, बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। जिम्बाब्वे से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2 विकेट लिए। 123 रन का टारगेट का जिम्बाब्वे ने 15 ओवर में महज 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम से ब्रायन बेनेट ने 51 और तादिवनासे मरुमानी ने 39 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और वर्ल्ड कप में एंट्री भी कर ली।

वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिपः

## मीराबाई चानू ने भारत को दिलाया सिल्वर

**फोर्ड (नॉर्वे), एजेंसी।** भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के 48 किलोग्राम वर्ग में देश को सिल्वर मेडल जिताया है। यह इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में मीराबाई चानू का तीसरा मेडल है। साल 2017 की वर्ल्ड चैंपियन ने दूसरी बार सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। उत्तर कोरिया की री सोंग-गम ने कुल 213 किलोग्राम (91 किलोग्राम + 122 किलोग्राम) भार उठाकर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने कुल भार के साथ-साथ क्लीन एंड जर्क में भी नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

थाईलैंड की थान्याथोन सुकचातरोएन के नाम ब्रॉन्ज मेडल रहा, जिन्होंने कुल 198 किलोग्राम (88 किलोग्राम स्नैच + 110 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद अगस्त में कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर वापसी की। उन्होंने कुल 199 किलोग्राम (84 किलोग्राम स्नैच + 115 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। मीराबाई चानू के 87 किलोग्राम वर्ग में दो प्रयास असफल रहे।

84 किलोग्राम वर्ग में पहला प्रयास भी उनके लिए थोड़ा असहज लग रहा था, लेकिन उन्होंने क्लीन एंड जर्क में अपनी लय वापस हासिल की और तीनों प्रयासों में सफल रहीं। क्लीन एंड जर्क में मीराबाई चानू ने 109 किलोग्राम भार उठाने के बाद 112 किलोग्राम और फिर 115 किलोग्राम भार उठाया। 31 वर्षीय मीराबाई चानू ने अनाहेम में 2017 वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 48



किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने बोगोटा में साल 2022 में 49 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर अपने नाम किया। 11 अक्टूबर तक चलने वाली वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 अगले साल होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में से एक है। भारत ने इसमें 14 सदस्यीय दल भेजा है। महिला वर्ग में मीराबाई चानू के अलावा, कोयल बार (53 किलोग्राम), बिंद्यारानी देवी सोरोखैबम (58 किलोग्राम), निरुपमा देवी सेराम (63 किलोग्राम), हरजिंदर कौर (69 किलोग्राम), वंशिता वर्मा (86 किलोग्राम), महक शर्मा (86 किलोग्राम+) हिस्सा लेंगी। वहीं, भारत के पुरुष दल का नेतृत्व कॉमनवेल्थ गेम्स के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवप्रीत सिंह करेंगे।

## गगनजीत भुल्लर जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंचे



**जकार्ता, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल शुक्रवार को दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। 37 साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने शुक्रवार को सुबह अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं। अब वह इस देश में अपनी छठी जीत की तलाश में हैं। अन्य भारतीयों में एस. चिक्कारंगप्पा ने पहले राउंड में 69 और दूसरे में 67 का स्कोर किया। वह संयुक्त 26वें स्थान पर है। राहिल गंगजी, खालिन जोशी, विराज मडप्पा , करणदीप कोचर और अजीतेश संधू , एसएसपी चौरसिया और युवराज संधू का दूसरे दौर का खेल खत्म नहीं हुआ है।

## संन्यास के बारे में नहीं सोच रही, मानसिक मजबूती पर ध्यान, बोलीं तीरंदाज दीपिका कुमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अनुभवी तीरंदाज और चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अभी संन्यास के बारे में नहीं सोच रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा ध्यान मानसिक मजबूती और तकनीकी कौशल को निखारने पर है ताकि आने वाले वर्षों में बड़े टूर्नामेंटों में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 पर नजर

दीपिका कुमारी ने कहा कि उनका अगला बड़ा लक्ष्य लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 है, जहां उनकी उम्र 34 वर्ष होगी। उन्होंने माना कि यह उनके लिए ÷करो या मरो÷ वाला मौका होगा। दीपिका ने कहा, यह मेरे करियर का अंतिम चरण नहीं है। मैंने संन्यास पर कोई फैसला नहीं किया है। अब तक के अनुभवों ने मुझे मजबूत बनाया है और मैं उसी के सहारे आगे बढ़ रही हूं।

**मानसिक और तकनीकी प्रशिक्षण पर जोर:** दीपिका ने बताया कि उनकी मौजूदा ट्रेनिंग का फोकस मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर है। उन्होंने कहा, मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं। कई बार महत्वपूर्ण मैचों में मानसिक दबाव की वजह से परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आते थे। अब मैं अलग-अलग परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मानसिक प्रशिक्षण कर रही हूं। उन्होंने माना कि दर्शकों



के सामने खेलने से दबाव तो बढ़ता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को मजबूत बनाता है। दीपिका ने कहा कि तीरंदाजी प्रीमियर लीग जैसे आयोजन खिलाड़ियों को उस दबाव से निपटने का अवसर देते हैं।

**कंपाउंड तीरंदाजी के ओलंपिक में शामिल होने से खुश:** दीपिका ने हाल ही में ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी को शामिल किए जाने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे भारत की पदक संभावनाएं काफी बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि कंपाउंड तीरंदाजी अब ओलंपिक का हिस्सा है। हमारी टीम पहले ही कई टूर्नामेंटों में पदक जीत चुकी है और बेहद मजबूत है।

### तीरंदाजी प्रीमियर लीग को बताया ऐतिहासिक कदम

भारत में पहली बार आयोजित हो रही तीरंदाजी प्रीमियर लीग को दीपिका ने ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से इस तरह की लीग का इंतजार कर रहे थे। यह तीरंदाजों को घरेलू स्तर पर बड़े मंच का अनुभव देगा और हमारे खेल को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा।